# समानांतर हाईवे की डीपीआर पहुंची टेक्निकल स्क्रीनिंग कमेटी के पास

## रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक फोरलेन समानांतर हाईवे का किया जाना है निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- कितने पैकेज और किस मोड में बनाया जाएगा अब जल्दी ही होगा इसका निर्धारण
- कमेटी की हरी झंडी के बाद बजट को मंजूरी मिलने के साथ ही शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया

| 112 | 06 | 700 |
|---|---|---|
| किलोमीटर लंबा बनेगा समानांतर हाईवे | तहसीलों के 68 गांवों में भूमि ली जाएगी | हेक्टेयर भूमि का करना होगा अधिग्रहण |

> प्रोजेक्ट रिपोर्ट का परीक्षण मंत्रालय की तकनीकी समिति कर रही है। जल्द ही पैकेज और निर्माण के लिए मोड का निर्धारण कर दिया जाएगा।
>
> –पंकज यादव, परियोजना निदेशक एनएचएआई

**अमृत विचार।** रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक प्रस्तावित फोरलेन समानांतर हाईवे की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट का परीक्षण अब परिवहन मंत्रालय की टेक्निकल स्क्रीनिंग कमेटी करेगी। कमेटी को डीपीआर भेज दी गई है। कमेटी की हरी झंडी के बाद बजट को मंजूरी मिलेगी फिर टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी। तब तक यह किया जाएगा कि 112 किलोमीटर लंबे हाईवे का निर्माण कितने पैकेज में होगा। जो कंपनी चयनित होगी निर्माण के लिए वही पूरा पैसा खर्च करेगी या फिर 40 प्रतिशत राशि एनएचएआई देगा और 60 प्रतिशत राशि कंपनी लगाएगी, इस संबंध में भी अंतिम निर्णय लिए जाने की कवायद चल रही है।

हमीरपुर, कबरई से बड़े पैमाने पर गिट्टी, मौरंग कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, अयोध्या, लखीमपुर आदि जिलों को भेजी जाती है। हर दिन 30 हजार से अधिक डंपर और ट्रक गिट्टी, मौरंग लेकर जाते हैं। हाईवे पर हर दिन दो लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। इस वजह से रोज जाम लगता है। वर्तमान हाईवे टू लेन है। इस वजह से भी यातायात फंसता है। इस समस्या के समाधान के लिए ही फोरलेन समानांतर हाईवे की योजना बनाई गई है। भोपाल से छतरपुर कबरई तक फोरलेन हाईवे बन रहा है।

इसी प्रोजेक्ट के तहत कबरई से हमीरपुर होते हुए रमईपुर तक हाईवे को फोर लेन करने की योजना है। ग्रीन फील्ड हाईवे के लिए एलाइनमेंट मंजूर होने के बाद कंसल्टेंट ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप दी थी। मंत्रालय की टेक्निकल स्क्रीनिंग कमेटी के अधिकारी और कंसलटेंट की तकनीकी टीम इसका परीक्षण कर रही है। डिजाइन में कुछ परिवर्तन करना होगा तो समिति इस संबंध में अपनी राय देगी। कोई विशेष बदलाव नहीं होने पर डीपीआर को मंजूरी मिलेगी।

### चार बड़े, छह छोटे पुलों के साथ बनेंगे चार फ्लाईओवर

समानांतर हाईवे पर चार बड़े, छह छोटे पुल बनेंगे। साथ ही चार फ्लाईओवर और एक रेलवे ओवरब्रिज के साथ 21 अंडरपास बनाए जाएंगे, ताकि लोगों को हाईवे क्रॉस करने में आसानी हो। कानपुर, फतेहपुर, हमीरपुर व महोबा जनपदों की छह तहसीलों के 68 गांवों की भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। भूमि अधिग्रहण पर करीब एक हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। 700 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### दो पैकेजों में अलग-अलग कंपनियां कर सकतीं निर्माण

अलीगढ़ से कानपुर तक जीटी रोड को चार पैकेज में बनाया गया था। अलग-अलग कंपनियों को ठेके दिए गए थे ताकि समय से काम शुरू हो जाए। इसी तरह इस प्रोजेक्ट में भी उम्मीद की जा रही है कि रमईपुर से हमीरपुर तक एक पैकेज और हमीरपुर से कबरई तक दूसरा पैकेज निर्धारित होगा।

## छत्रपति शाहूजी महाराज की नीतियां आगे बढ़ाएगी सपा

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में गुरुवार को छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर पीडीए सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पीडीए टीम, बूथ प्रभारियों के साथ फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि पीडीए मिशन शाहू जी महाराज की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएगा, ताकि कोई भी बालक शिक्षा से वंचित न रह सके।

पीडीए उनका मंसूबा पूरा नहीं होने देगा। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता नीतेंद्र यादव, नंदलाल जयसवाल, परमवीर गंभीर, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह, सत्यनारायण गहरवार, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, शादाब आलम उपस्थित रहे।




**पंडित राजन बना रहे मोहम्मद इकबाल के लिए ताजिया :** हिन्दू-मुस्लिम कौमी एकता की मिसाल रेलबाजार छावनी रामलीला मैदान में देखी जा सकती है। यहां मोहर्रम के लिए जरी ताजिया का निर्माण विगत 40 वर्षों से जनरलगंज निवासी 59 वर्षीय पंडित राजन त्रिपाठी कर रहे हैं। मोहम्मद इकबाल ने बताया कि राजन के साथ राजे और उनका पुत्र अनुज, सुनील के द्वारा बनाए गए जरी ताजिया कानपुर के अलावा,हमीरपुर,औरैया, उरई, उन्नाव, कन्नौज, कानपुर देहात, झींझक, रसूलाबाद भेजे जाते हैं। कोई चार दशक पहले इन सभी हिन्दू कारीगरों को मोहम्मद सलीम ने ताजिया और पुतला बनाने की बारीकियां सिखाई थीं। फोटो-मनोज तिवारी

## ट्रक की चपेट में आकर चालक की मौत, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी स्थित सीमेंट गोदाम में माल उतारते समय ट्रक की चपेट में आकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताकर जमकर हंगामा किया। पनकी पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर घरवालों को शांत कराया।

अलीगढ़ के इगलास कस्बा निवासी 57 वर्षीय श्याम सुंदर ट्रक चालक था। 24 जून की रात वह अलीगढ़ से सीमेंट लादकर कानपुर आया था। परिवार में पत्नी शशि, दो बेटी ममतेश, दुर्गेश और बेटा अजीत है। दामाद सुमित चौधरी ने बताया कि मंगलवार देर रात श्यामसुंदर पनकी स्थित सीमेंट गोदाम में ट्रक से माल उतार रहे थे, तभी ट्रक की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गए।

कर्मचारियों ने उन्हें समीप के अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने घटना संदिग्ध बताकर जमकर हंगामा किया। पुलिस के अनुसार मामले में पूछताछ की जा रही है। परिजनों के तहरीर देने पर कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप



संगोष्ठी में शामिल लोग। अमृत विचार

### लोकतंत्र का गला घोंटकर लागू किया गया था आपातकाल

**कानपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरुवार को प्रमिला सभागार में आपातकालीन संघर्ष गाथा विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक श्रीराम ने बताया कि आपातकाल की संघर्ष गाथा आज के युवाओं को भारत विरोधियों को कठोर जवाब देने के लिए एक सशक्त संदेश देने का कार्य करेगी। इस संघर्ष गाथा को सुनकर सभी के अंदर राष्ट्रभक्ति के संचार के साथ नई ऊर्जा और राष्ट्रीय चेतना जागृत होती है। आपातकाल लोकतंत्र का गला घोंटकर लागू किया गया था। आपातकाल देश की न्यायपालिका के अनादर का भी जीता जागता उदाहरण रहा है। गया प्रसाद जायसवाल ने कहा कि 25 जून 1975 में तत्कालीन सरकार ने संविधान की हत्या करते हुए 21 महीनों तक आपातकाल को भारतीय जनता पर थोपा था। प्रांत प्रमुख डॉ. यतीन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता व सभी देशवासी कभी भी इस कृत्य को भूल नहीं पाएंगे। इस दौरान ओम नारायण त्रिपाठी, नंदकुमार शुक्ला, कृष्ण चंद्र, दिनेश चंद्र गुप्त, अरुण वर्मा, इंद्र नारायण शर्मा, त्रिलोची पाल, सुभाष जायसवाल, विजय शंकर शुक्ला, रमाशंकर गुप्त, अमिताभ पाण्डेय, इंद्रेश शुक्ला, ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, खुशी गुप्ता, गरिमा त्रिवेदी, गुंजन उपस्थति रहे।

### पत्र वितरक नेता अश्विनी पांडेय को पितृ शोक



राम बादल पांडे।

**कानपुर।** राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के स्टार प्रचारक अश्वनी पांडे के 65 वर्षीय पिता राम बादल पांडे का गुरुवार शाम 5 : 30 बजे निधन हो गया। अयोध्या के ग्राम मगन पांडे निवासी राम बादले पांडे की अंतिम यात्रा शुक्रवार को होगी। वह अपने पीछे पुत्र अश्विनी पांडेय, पौत्र अंशु पांडे, पौत्री आंचल व आराध्या, पुत्री सरोज तिवारी, सुनीता मिश्रा, सविता पांडे, कोमल शुक्ला, कुमकुम तिवारी, खुश्बू मिश्रा का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। समिति के मीडिया प्रभारी अभिषेक बाजपेई व अन्य पत्र वितरकों ने उनके निधन पर शोक जताया है।



प्रेसवार्ता को संबोधित करतीं मानक ब्यूरो की डीडीजी रीना गर्ग। अमृत विचार

## स्टार्टअप डिजाइन करते ही तय कर लें मानक भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी कानपुर में भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यशाला में युवाओं को दी गई जानकारी

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड की ओर से आयोजित कार्यशाला में स्टार्टअप से जुड़े युवाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मानकों के बारे में बताया गया। विशेषज्ञों ने युवाओं को स्टार्टअप डिजाइन करते समय ही मानकों का ख्याल रखने की सीख दी।

डीडीजी स्टैंडर्डआईजेशन रीना गर्ग ने बताया कि आईआईटी कानपुर से पहले विभाग आईआईटी बांबे, मद्रास, बीएचयू में कार्यशाला आयोजित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अधिकतर मामलों में स्टार्टअप शुरू करते समय मानकों का ख्याल नहीं रखा जाता है। मानक के लिए आवेदन तब होता है जब उत्पाद कॉमर्शियल होने की प्रक्रिया में आता है। इस स्थिति में कई बार उत्पाद फ्लोर पर आने में लेट हो जाता है। कार्यशाला में 'इनोवेशन टू इंपैक्ट' पर विचार रखते हुए विशेषज्ञों ने युवाओं को स्टार्टअप की शुरुआत में ही राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्टैंडर्ड अपनाने पर जोर दिया और कहा कि इस तरह का प्रयोग किया जाए जो अपना असर छोड़ता हो। युवाओं को भारतीय मानक ब्यूरो के साथ सहयोग व काम करने की सलाह देने के दौरान बताया गया कि आईआईटी कानपुर के 87 फैकल्टी मानक ब्यूरो के सदस्य हैं। इस दौरान रिसर्च डीन तरुण गुप्ता व स्टार्टअप सीईओ पीयूष मिश्रा मौजूद रहे।

## धान की आधुनिक खेती का दिया प्रशिक्षण

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर में निकरा परियोजना के तहत किसानों को धान की आधुनिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ खलील खान ने बताया कि किसानों को ऊसर भूमि में धान की खेती, जलवायु परिवर्तन से निपटने, कटाई के बाद नुकसान कम करने और फसल के मूल्य में वृद्धि करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान दिया गया।

प्रशिक्षण में किसानों को धान की उन किस्मों के बारे में जानकारी दी गई जो कानपुर की जलवायु के लिए उपयुक्त हैं। धान की उपज बढ़ाने व रोगों से बचाने के उपाए बताए। उपेंद्र सिंह, शुभम यादव, गौरव शुक्ला व भगवान पाल सहित 35 से अधिक किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## शहर में डमी स्कूल बंद कराने के लिए चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आवश्यक मान्यता लिए बिना कक्षाएं चलाने वाले स्कूलों की होगी पहचान, शिक्षा विभाग की टीमें लगातार करेंगी निगरानी
- छात्रों का नामांकन किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में करवा कर अपने संस्थानों में अध्ययन कराने का फर्जीवाड़ा

**अमृत विचार।** जिले में संचालित नॉन स्कूलिंग और डमी स्कूलों के संचालन पर रोक लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग अभियान चलाकर ऐसे स्कूल चिह्नित करेगा। इसके लिए एक कमेटी बनाई जाएगी, जो हर महीने आख्या देगी। इसके आधार पर डमी स्कूलों को बंद कराया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा अनुभाग से स्कूल शिक्षा महानिदेशक, मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, अपर शिक्षा निदेशक बेसिक, डीआईओएस, बीएसए व खंड शिक्षा अधिकारी को जारी पत्र में जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन के संज्ञान में डमी स्कूलों का प्रकरण लाए जाने की बात कही गई है। पत्र के अनुसार नान स्कूलिंग या डमी स्कूलों द्वारा छात्रों का नामांकन तो किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में किया जाता है, लेकिन वास्तव में वे ऐसे संस्थानों में अध्ययन करते है जिन्हें आवश्यक शैक्षिक मान्यता प्राप्त नहीं होती है।

इसी प्रकार ऐसे विद्यालय जिन्हें केवल कक्षा आठ तक की मान्यता प्राप्त है, वे अवैध रूप से कक्षा नौ से 12 तक की कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों का पंजीकरण नियम विरुद्ध किसी अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालय में कराया जाता है। इसलिए ऐसे अवैध, अमान्य व डमी स्कूलों की जांच के लिए जिलास्तर पर डीआईओएस, बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी की समिति गठित की जाए।

समिति ऐसे स्कूलों की जांच करके हर महीने मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक व सहायक मंडलीय शिक्षा निदेशक (बेसिक) को आख्या देगी। इसके बाद मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक व सहायक मंडलीय शिक्षा निदेशक (बेसिक) की संस्तुति पर संबंधित संस्थाओं व स्कूलों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## सड़क पर शव रखकर हंगामा करने में 40 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आर्यनगर में बिल्डिंग से गिरे मजदूर के परिजनों ने मुआवजे के लिए किया था बवाल

**अमृत विचार।** आर्यनगर में मजदूर की मौत पर मुआवजे के लिए शव रखकर वीआईपी रोड पर जाम लगाने और हंगामा करने की घटना में कोहना पुलिस ने 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ दरोगा गोरे लाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

स्वरुपनगर निवासी अनिल गुप्ता ने आर्यनगर में बिल्डिंग गिरवाने का ठेका दिया है। बीते मगंलवार को मजदूर पिलर तोड़ रहे थे, तभी पुराना कानपुर रानी का बगीचा निवासी मजदूर 38 वर्षीय नीरज कुमार गिरकर घायल हो गया था। हैलट अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। नीरज के परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। परिजनों ने मकान मालिक व ठेकेदार के खिलाफ कोहना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर भैरोघाट अंतिम संस्कार करने पहुंचे, लेकिन अचानक शव उठाकर बाहर जाने लगे। पुलिस कर्मियों ने रोका तो नोंकझोक हुई। इसके बाद परिजनों ने शव सड़क पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। इससे जाम लग गया। पुलिस अधिकारियों ने मुआवजे का भरोसा दिलाकर शांत कराया। एडीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि कुछ लोगों ने परिजनों को उकसाया था, जिस कारण हंगामा शुरू हुआ। सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम SANDIP KUMAR से बदलकर SANDEEP KUMAR रख लिया । अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM MURAT ADD-NASIRPUR KAITHI TARA KHURD JAFARGANJ DIST-AMBEDKAR NAGAR (U.P)

**NOTICE**
I, ex-Sergeant Sanjeew Kumar, service number 785214-B, hereby declare that the d.o.b of my daughter Ananya Srivastava is 13/01/2006, which is mentioned in the high school mark sheet and Aadhar card, it is correct. Behind primary school Dhannupurwa, Hardoi

**सूचना**
मैं भूतपूर्व सार्जेट संजीव कुमार सर्विस नंबर 785214-B ये घोषणा करता हूं की मेरी बेटी कुमारी अनन्या श्रीवास्तव की जन्म तिथि 13/01/2006 जोकि हाई स्कूल की मार्कशीट एवं आधार कार्ड में अंकित है, वही सही है। **प्राइमरी विद्यालय के पीछे, धन्नूपुरवा, हरदोई**

**सूचना**
मैं **रीता पाण्डेय पत्नी अजय कुमार पाण्डेय निवासिनी लेन-3, पवन पूरी देवी खेड़ा, कैंटोनमेंट लखनऊ,** सूचित करती हूं कि आवास विकास परिषद के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम रीता देवी अंकित हो गया है जबकि मेरे आधारकार्ड में मेरा वास्तविक नाम रीता पाण्डेय है। अतः मुझे सभी उद्देश्यों हेतु रीता पाण्डेय ही पढ़ा व पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2000 (मौलाना आजाद इंटर कालेज कादिराबाद सिद्धार्थनगर) अनुक्रमांक 0236628 का मूल प्रमाणपत्र कहीं गुम हो गया है। **विनीत कुमार पांडेय पुत्र वासुदेव पांडेय ग्राम पिपरा इकडंगा तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजप्रकाश मिश्रा पुत्र जगबंदन मिश्रा निवासी ग्राम जमहिल थाना पहाड़ी तहसील राजापुर जिला चित्रकूट अपने बड़े पुत्र रविशंकर मिश्रा के गलत आचारण के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं व भविष्य में किसी भी प्रकार के लेन-देन व गलत आचारण का वह स्वयं जिम्मेदार होगा हमारा रविशंकर से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है । **राजप्रकाश पुत्र जगबंदन निवासी- ग्राम जमहिल थाना पहाड़ी तहसील राजापुर जिला चित्रकूट, मो0- 9838214524**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रानी पत्नी श्रीपाल, निवासिनी- ग्राम सरवन, वि0ख0 बहादुरपुर तहसील तिलोई जिला अमेठी ।** पोस्ट आफिस उप डाकखाना फुरसतगंज में मेरा नाम राजरानी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में रानी पत्नी श्रीपाल लिखा है। राजरानी व रानी दोनों नाम एक ही महिला के है मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी अक्लीम खान आयु लगभग 36 वर्ष पुत्र मोहम्मद सुहीम खान निवासी ग्राम-लोढियावां मजरे बगाही, परगना-जगदीशपुर, तहसील मुसाफिरखाना जनपद-अमेठी। प्रार्थी के पासपोर्ट संख्या -L4458587 पर उसका नाम AKLEEM दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि शपथकर्ता के आधारकार्ड नं0-921245378588 पर उसका नाम AKLEEM KHAN दर्ज है, जो कि सत्य व वास्तविक है, तथा इसी नाम से अपने ग्राम-मोहल्ले मे जाने पहचाने जाते है।

**सूचना**
मेरे द्वारा क्रय की गई संपत्ति का पूर्व का विक्रय अभिलेख क्रमांक 1703 दिनांक 23.04.2004 सब रजिस्टार पांच जिसकी L.A.R No-20250000443038 दिनांक 25.06.2025 है जिसको कहीं बंधक आदि नहीं किया इसका उपयोग शून्य होगा श्रीमती प्रभा त्रिवेदी 9415808679

बाढ़ पर सतर्कता | जिले में तीन स्थानों पर हुआ आपदा राहत और बचाव का मॉकड्रिल

## डूबते लोगों को बचाया, गांव खाली कराकर राहत कैंप में पहुंचाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मॉक ड्रिल के दौरान युवक को नदी से बाहर लाते जवान। अमृत विचार

### --------- कुछ तरह चला अभियान ---------

- सरसैया घाट पर एसडीएम सदर अविचल प्रताप सिंह के नेतृत्व में गंगा में नाव पलटने पर पीएसी, जल पुलिस ने डूबते हुए दो व्यक्तियों का रेस्क्यू कर जान बचाई। एंबुलेंस से इलाज के लिए उन्हें उर्सला भेजा गया। मॉकड्रिल में पुलिस, सिंचाई विभाग, जल कल, पशुपालन विभाग, होमगार्ड, पंचायतीराज, जिला सैनिक कल्याण, नेशनल कैडेट कोर, अग्निशमन विभाग शामिल रहे।
- कटरी के शंकरपुर सराय में तहसीलदार विनय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में राहत अभियान चला। गंगा का जलस्तर बढ़ने पर बाढ़ प्रभावितों के गांव से निकालकर राहत शिविर में पहुंचाया गया, जहां पीड़ितों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था की गई।
- बिल्हौर के नानामऊ में उपयोजना अधिकारी कृष्णा प्रसाद के नेतृत्व में राहत कार्य हुआ। गंगा का जलस्तर बढ़ने की चेतावनी पर अधिकारियों ने गांव खाली कराया और राहत कैंप में खाद्य सामग्री पहुंचाई। 12 बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप हुआ। दो बच्चों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया।

**अमृत विचार।** सरसैया घाट पर गंगा में डूबते दो व्यक्तियों को जल पुलिस ने रेस्क्यू किया और उनकी जान बचाई। उधर, कटरी के शंकरपुर सराय में गंगा का जल स्तर बढ़ने पर बाढ़ प्रभावितों को आनन-पानन गांव से निकालकर बाढ़ राहत केंद्र पर ले जाया गया। गुरुवार को यह सब कुछ हुआ आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल में।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से जिले में तीन स्थानों पर आपदा राहत और बचाव की मॉकड्रिल हुई। इस दौरान जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली (आईआरएस) एक्टिव करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को 24 घंटे सतर्क रहने व बाढ़ या अन्य किसी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही के आदेश दिए। आपदा मॉकड्रिल में राहत कार्य के साथ, आपदा में फंसे लोगों को सुरक्षित पहुंचाने का अभ्यास हुआ। मॉकड्रिल की शुरूआत राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर अलर्ट पर हुई। इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर ने कानपुर नगर को बताया कि अतिवृष्टि व गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से सदर तहसील व बिल्हौर में बाढ़ की स्थिति बनी है। इसके बाद एडीएम वित्त विवेक चतुर्वेदी ने बाढ़ आपदा राहत व बचाव कार्य के विभागों व अधिकारियों को अलर्ट किया। निर्देश दिया कि सबसे पहले सरसैया घाट पर गंगा में डूबते लोगों को बचाया जाए। कटरी के शंकरपुर सराय में गांव खाली कर लोगों को शिविर में ठहराएं। बिल्हौर के नानामऊ में शिविर में पहुंचाकर बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप करें।

## दुर्घटना में घायल छात्र की मौत

**कानपुर।** महाराजपुर में ओवरटेक करते समय पिकअप ने सामने से आ रहे बाइक सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी थी। नर्सिंगहोम में उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल कक्षा नौ के छात्र की मौत हो गई। उसके साथी का इलाज चल रहा है। साढ़ के धूहरपुर बांग्ला निवासी किसान शिवबाबू यादव का 17 वर्षीय बेटा आयुष कक्षा नौ का छात्र था। बीती 23 मई को वह अपने दोस्त सुमित के साथ बाइक से महाराजपुर के बौसर गांव के पास पहुंचा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ओवरटेक करने में बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल आयुष की नौबस्ता स्थित नर्सिंगहोम में गुरुवार को मौत हो गई।

# रथयात्रा में बनारसी रंग में रंगे में नजर आएंगे महाप्रभु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में पुरी की तर्ज पर शुक्रवार को प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान दो दिन श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल रहेगा। पहले दिन शुक्रवार को जगन्नाथ मंदिर बाईजी से प्रभु नगर भ्रमण को निकलेंगे। बिरजी भगत मंदिर में प्रभु का चंदन से श्रृंगार किया जाएगा। दूसरे दिन शनिवार को जगन्नाथ मंदिर बिरजी भगत व उमा जगदीश मंदिर से निकलकर प्रभु भक्तों को दर्शन देंगे। यात्राओं में प्रभु जो पगड़ी और वस्त्र धारण करेंगे उन्हें बनारस से मंगवाया गया है।

**आज जनरलगंज के जगन्नाथ मंदिर बाईजी से प्रभु निकलेंगे नगर भ्रमण पर**



रथयात्रा के लिए तैयार किया जा रहा रथ। अमृत विचार

**बिरजी भगत मंदिर में होगा प्रभु का चंदन से श्रृंगार और सजाया जाएगा फूल बंगला**



महाप्रभु के लिए तैयार किया जा रहा सिंहासन। अमृत विचार

### झांकियां, ध्वज पताका व कटोरी चम्मच से संगीत

- शुक्रवार को प्रभु जगन्नाथ के साथ बलराम व सुभद्रा रजत जड़ित रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगी। यात्रा में 18 मण्डल शामिल होंगे। यात्रा में झंकियां, पारम्परिक वाद्य यंत्र, ध्वज पताका, बैंडबाजा आकर्षण बढ़ाएंगे। यात्रा के दौरान कटोरी व चम्मच सहित अन्य घरेलू वाद्य यंत्र भी भक्तों को देखने को मिलेंगे।

### इन रास्तों से निकलेगी यात्रा

- रथयात्रा बाईजी मंदिर जगन्नाथ की गली जनरलगंज से शुरू होकर काहुकोठी, नयागंज बौराहा, हूलागंज, भूसाटोली, सुनराहीदेवी रोड, मोतीमोहाल, तेलियाना से नागेश्वर भगवान मंदिर, नयागंज किराना, सराफा बाजार, जनरलगंज, मनीराम बगिया, गयाप्रसाद लेन, मूलगंज, टोपीबाजार, चौक सराफा से होकर प्रयाग नारायण शिवाला के बाहर कुछ देर विश्राम करेंगी। इसके बाद श्री जगन्नाथ जी का रथ सरसैया घाट जायेगा और आरती पूजा के बाद रथयात्रा चटाई मोहाल, कमला टावर, सिरकी मोहाल, लाठीमोहाल होते हुए जगन्नाथ जी की गली जनरलगंज में विश्राम करेगी।

### शनिवार को दूसरे दिन की यात्रा

- यात्रा दूसरे दिन प्रभु जगन्नाथ मंदिर बिरजी भगत व उमा जगदीश मंदिर से निकलेगी। पूर्व यात्रा संयोजक ज्ञानेंद्र विश्नोई ने बताया कि इस बार परंपरा के अनुसार बिरजी भगत मंदिर द्वितीय दिवस यात्रा में पहले स्थान पर होगा। 27 को बिरजी भगत मंदिर मे प्रभु को स्नान कराकर चंदन का पारंपरिक श्रृंगार किया जाएगा। शाम को बिरजी भगत मंदिर में और उमा जगदीश मंदिर में प्रभु का फूलों से श्रृंगार होगा। रथयात्रा जनरलगंज स्थित जगन्नाथ गली से प्रारम्भ होकर काहूकोठी, नयागंज चौराहा, हूलागंज, भूसाटोली, नागेश्वर मन्दिर नयागंज चौराहा, जनरलगंज, मनीराम बगिया, मेस्टन रोड, चौक सर्राफा, कोतवाली चौराहा, शिवाला, संगम लाल मन्दिर, कमला टावर, लाठी मोहाल होकर जनरलगंज स्थित जगन्नाथ मन्दिर पर समाप्त होगी।

### उत्तर प्रदेश और उड़ीसा के बीच सांस्कृतिक सेतु है जन्नाथ प्रभु की यात्रा

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के मुताबिक रथयात्रा न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का जीवंत उदाहरण भी है। रथयात्रा 27 जून को शाम पांच बजे से शुरू होकर करीब 5 .5 किलोमीटर लंबे मार्ग से होकर गुजरेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह परंपरा उत्तर प्रदेश और उड़ीसा के बीच सांस्कृतिक सेतु की तरह है, जिसे प्रशासन पूर्ण सुरक्षा, समन्वय और गरिमा के साथ संपन्न कराने को कटिबद्ध है। उन्होंने क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उनका समाधान करने का आदेश अधिकारियों को दिया।



रथयात्रा रूट का निरीक्षण करतीं महापौर और नगर आयुक्त। अमृत विचार

## जगन्नाथ यात्रा रूट पर करें लाइटिंग और पैचवर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने गुरुवार सुबह नगर आयुक्त सुधीर कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ प्रभु जगन्नाथ यात्रा के रूट का निरीक्षण किया। महापौर ने जनरलगंज से एक्सप्रेस रोड, नयागंज, सिरकी मोहाल, चटाई मोहाल, कमला टावर, धनकुट्टी क्षेत्र में रथयात्रा रूट की हालत देखी। उन्होंने तत्काल यात्रा मार्ग पर लाइट और सड़कों पर पैचवर्क करने के निर्देश दिए। बाद में महापौर व अधिकारियों ने पटकापुर, परेड में मोहर्रम के ताजिया जुलूस मार्ग का निरीक्षण भी किया और सफाई के निर्देश दिए।


# नाला सफाई में लापरवाही पर नौ ठेकेदार दोबारा साफ करेंगे गंदगी

## जोन 3 के तहत नगर आयुक्त के निर्देश पर अधिशासी अभियंता ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नाला सफाई में लापरवाही बरतने पर नगर निगम ने ठेकेदारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। 9 ठेकेदारों को नोटिस दिया गया है। सभी ठेकेदारों को दोबारा नाला सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं, समय से सफाई न करने पर ठेकेदारों को काली सूची में डाला जाएगा।

नगर आयुक्त सुधीर कुमार के निर्देश पर अधिशासी अभियंता ने बरसात के बाद नाला सफाई का जायजा लिया तो पाया कि कई नालों में कूड़ा बजबजा रहा है। सिल्ट भी भरी है। नगर निगम ने मंयक प्रा लि. को नोटिस दी है। ठेकेदार फर्म को वेंडी चौराहे से किदवई नगर थाने होते हुए साई मंदिर तक नाले की सफाई के लिये 7 लाख 58 हजार 226 रुपये स्वीकृत किए गए थे, लेकिन नाला सफाई सही से नहीं की गई। इसी तरह बाला जी कांसट्रक्शन को वार्ड 77 में सचान नहर से भोलेश्वर मंदिर, वार्ड 18 में किदवई नगर थाने से पंजवानी मोटर्स व साकेत नगर पार्क के लिए 12 लाख, दिलराज एसोसिएट्स को सेंगर चौराहे से कर्रही मेन रोड, वार्ड 65 बाबा ट्रैडिंग कंपनी से दयाल मोटर्स तक, दून हाउस होते हुए पेट्रोल लाइन तक, मनकामेश्वर मंदिर एवं गोल्डन परिहार स्क्रैप तक कच्चा नाला और सेंगर चौराहे से ब्रहम्मदत्त चौराहा तक नाला सफाई के लिए 18,73,621 रुपये स्वीकृत किए गए थे, लेकिन ठेकेदार फर्म ने सफाई कार्य सही से नहीं किया। अली इंफ्रास्ट्रक्चर, तपेश्वरी नारायाण ई. प्रा. को, कबीर कांसट्रक्शन को नोटिस दी गई है।





नाला की सफाई नहीं की गई है। पाइप लाइन फटने से बड़ा चौराहा पर की गई सड़क की खोदाई। अमृत विचार

### इनको भी दी गई नोटिस

- युवराज कांन्स कंपनी को वार्ड 18 सुभाष रोड से टेलीफोन एक्सचेंज तक, अंशिका ईंप्रा. को वार्ड 18 में धनश्याम दास चौराहा से पद्नाभ मंदिर एवं बीमा अस्पताल होते हुय आरबीआई नाला तक, आरआर कांसट्रक्शन को बारादेवी मेला मैदान से डिपो चौराहा तक, वार्ड 38 व वार्ड 77 में कर्रही मुख्य मार्ग से सेक्टर सी मुख्य नाला तक व संकट मोचन मंदिर से सचान गेस्ट हाउस तक नाला की सफाई व मरम्मत कार्य करने में लापरवाही बरतने पर नोटिस दी गई है। बर्रा सब्जी मंडी में नाला निर्माण सही से न करने पर ठेकेदार फर्म पर 10 हजार जुर्माना लगाया गया है।

### बड़ा चौराहा पर खोदाई केबिलों ने रोका काम

**कानपुर।** कोतवाली के ठीक सामने जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम द्वारा बड़ा चौराहा पर खोदाई की गई। यहां एक पाइपलाइन पानी की निकासी के लिए डाली जा रही है। इससे पहले उर्सला अस्पताल के गेट तक सीवर लाइन डाली गई थी, जिसकी कनेक्टिविटी के लिए नई लाइन पड़ रही है। गुरुवार को खोदाई के दौरान केबिल और अन्य पाइप लाइन बीच में आने से एक बार फिर से काम रुक गया। उर्सला अस्पताल में हर साल बरसात के समय पानी भर जाता है। इसके निस्तारण के लिए नगर निगम ने इस बार डेढ़ माह पहले पीडब्ल्यूडी से सड़क खोदाई के लिए अनुमति मांगी गई थी, लेकिन अब दो दिन पहले अनुमति मिली है। इसके लिए नगर निगम ने 2 .83 लाख रुपये जमा किए है। गुरुवार को खोदाई शुरू की गयी लेकिन केबल व पाइप के कारण कार्य रुक गया। अब मुहर्रम के जुलूस निकलने के दो दिन बाद खोदाई होगी। नगर निगम के अवर अभियंता मानिक चंद ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की अनुमति देर से मिलने के कारण कार्य प्रभावित रहा। 50 प्रतिशत पाइप पड़ गया है। अब मुहर्रम का जुलूस निकलने के बाद कार्य होगा।

## दीनू उपाध्याय का भतीजा मनु प्रयागराज से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गिरोह पर पुलिस की कार्रवाई तेज, गिरफ्तारी के लिए दी जा रही दबिश
- मनु पर जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 11 मुकदमे, चल रहा था फरार

**अमृत विचार।** पिंटू सेंगर हत्याकांड सहित विवादित जमीनों पर कब्जे के आरोपी दीनू उपाध्याय के भतीजे मनु को पुलिस ने प्रयागराज में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने के लिए शहर ले आई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मनु प्रयागराज हाईकोर्ट जमानत के सिलसिले में गया था।

दीनू उपाध्याय गिरोह पुलिस की सख्ती और कार्रवाई के घेरे में है। पुलिस को गिरोह के नारायण सिंह भदौरिया, दीपक जादौन, दीनू के भाई संजय उपाध्याय और भतीजे मनु उपाध्याय के अलावा रचित पाठक, अमन शुक्ला, अनूप शुक्ल की तलाश है। लगातार दबिश दी जा रही है। इसी दौरान दीनू उपाध्याय के भतीजे मनु की गिरफ्तारी में सफलता मिली। उसे प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। मनु का नाम चकेरी में मनोज गुप्ता की ओर से दर्ज कराई गई लूट व जमीन पर कब्जे के मामले में बढ़ाया गया था।

### मॉल में युवक की पिटाई का वीडियो हुआ था वायरल

- दीनू की गिरफ्तारी के बाद मनु का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें बड़ा चौराहा स्थित मॉल में दीनू उपाध्याय और उसका भतीजा मनु कुछ साथियों के साथ एक युवक को पीटते दिखे थे। पुलिस फुटेज के आधार पर पीड़ित युवक से मिली थी। दीनू उपाध्याय और मनु के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

डीसीपी क्राइम आबिद कासिमी ने बताया कि मनु उपाध्याय पर शहर में कुल 11 मुकदमे चकेरी, नौबस्ता, कोतवाली, नवाबगंज, ग्वालटोली, बिधनू आदि थानों में दर्ज हैं। कानपुर कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेजा जाएगा। पुलिस दीनू के अन्य साथियों की कुंडली भी खंगाल रही है।

## मॉक पार्लियामेंट आज, योगी करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**कानपुर।** युवा मोर्चा कानपुर क्षेत्र शुक्रवार को मॉक पार्लियामेंट का आयोजन सीएसजेएमयू के मुख्य सभागार में करेगा। सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअल माध्यम इसकी शुरुआत करेंगे। चार सत्रों में विभाजित प्रथम सत्र का उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे। मॉक पार्लियामेंट में लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका में महापौर प्रमिला पांडे होंगी, द्वितीय सत्र में सांसद रमेश अवस्थी यह भूमिका निभाएंगे। शेष दो सत्रों में भी प्रमुख जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। समापन सत्र में प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण पार्लियामेंट में भाग लेने वाले युवाओं और छात्रों को पुरस्कृत करेंगे। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू ने गुरुवार को दिन भर तैयारियां पूरी कीं।



# शिया महिलाओं ने तोड़ीं चूड़ियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में गुरुवार शाम मुहर्रम का चांद नजर आते ही शिया महिलाओं ने करबला शहीदों की बेवाओं की याद में अपने हाथों की चूड़ियां तोड़ दीं। हुसैनी फैडरेशन के मीडिया प्रभारी डॉ. जुल्फिकार अली रिज़वी ने बताया कि शहर के लगभग पांच हजार इमामबाड़ों को सजाकर अलम और ताजिये रखे गए हैं। चांद रात से मजलिसें और नौहाख़्वानी शुरू हो गई है।

### कब कहां जुलूस

- 1 मुहर्रम : नवाब हैदर अली ख़ाँ और नवाब दुल्हा का अलम जुलूस
- 2 मुहर्रम : बाबा बदर अली का अलम बिसाती कब्रिस्तान
- 3 मुहर्रम : आशिक अली का जुलूस फूलवाली गली
- 4 मुहर्रम : हामिद व इस्माईल का अलम नई सड़क व खलासी लाइन
- 5 मुहर्रम : शाह बिरादरान व मटरू का जुलूस कर्नेलगंज
- 6 मुहर्रम : रायनी बिरादरी का अलम परेड
- 7 मुहर्रम : मेंहदी जुलूस नवाब हैदर अली ख़ाँ, बाबूपुरवा
- 8 मुहर्रम : मन्नती अलम – जाफरिया, मकबरा
- 9 मुहर्रम : कुली बाज़ार – बड़ा बूचड़खाना
- 10 मुहर्रम (यौमे आशूरा) : हर मुस्लिम इलाके से जुलूस छोटी कर्बला (ग्वालटोली) और बड़ी कर्बला (नवाबगंज) पहुंचते हैं।

**नए इस्लामी साल की एक दूसरे को मुबारकबाद:** कानपुर। इस्लामी नए साल की मुहर्रम का चांद नजर आते ही लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। मगरिब की नमाज के बाद मस्जिदों के बाहर और छतों पर चांद देखने वालों की भीड़ रही।

## पट्टे की ज़मीन पर मेड़ बांध रहे किसान पर हमला

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के रहीमपुर बिषधन गांव में पट्टे की ज़मीन पर काम कर रहे एक व्यक्ति और उसके भाई पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। रहीमपुर बिशधन निवासी आरिफ हुसैन पुत्र अफरोज आलम अपनी पट्टे की ज़मीन पर मंगलवार 25 जून को ट्रैक्टर से लेवलिंग करा रहे थे। तभी गांव के ही शिवा पुत्र विनोद कुमार, पुष्पेंद्र पुत्र ओमकार और एक अन्य साथी वहां आ गए और आरिफ पर हमला कर दिया। आरिफ के भाई हारुन जब उन्हें बचाने आए उन्हें भी पीटा।

# ड्रग्स का लती प्राकृतिक आनंद से वंचित

**अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मादक पदार्थों का सेवन एक गंभीर समस्या है, जो विशेष रूप से युवाओं को अपनी चपेट में लेकर उनके भविष्य को अंधकारमय बना देता है। ड्रग्स का लती व्यक्ति जीवन के प्राकृतिक आनंद से वंचित रह जाता है। यह बात गुरुवार को एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी योग गुरु ज्योति बाबा कहीं। उन्हें होम्योपैथी चिकित्सक अटल आरोग्य क्लीनिक के डायरेक्टर डॉ. अतुल मिश्रा ने नशा मुक्ति युवा भारत अभियान संचालित करने के लिए सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर शुक्रवार को सोसाइटी योग ज्योति इंडिया व हिंदू जागरण मंच ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान नशा छोड़ो-जीवन जोड़ों के तहत लोगों को जागरूक किया गया। पीयूष रंजन मिश्रा सनातनी व डॉ.आरसी शर्मा ने कहा कि जो लोग नशे के आदी होते हैं, उनमें संक्रामक रोग जैसे एचआईवी की संभावना अधिक होती है।

अमित सिंह रोबिन व मयंक त्रिपाठी ने कहा कि लंबे समय तक नशीली दवाओं का दुरुपयोग अक्सर प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। वूमेन सोशल एक्टिविस्ट गीता व सुलोचना दीक्षित ने कहा कि नशे की लत से जूझ रहे व्यक्ति खुद को कमजोर, असहाय और उदास महसूस करते हैं।



अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जानकारी देते योग गुरु ज्योति बाबा। अमृत विचार

**चर्चा में अपराधी** बदमाशों के अजब-गजब उपनाम, पेशा या हरकतों के आधार पर चर्चित हुए

# भूतनाथ-जिन्नाद, बिल्लू-बाले और अब पिच्चा

शैलेश अवस्थी, कानपुर

- ज्यादातर लोग नहीं जानते असली नाम, पुलिस रिकार्ड में भी दर्ज हैं प्रचलित नाम और इसी से इनकी चलती रही रंगबाजी

**कानपुर।** आजादी के पहले 40 के दशक में एक बदमाश था सुंदरलाल, जो तीन फैट (गिरा के पैर के तीन जोरदार प्रहार) मारकर जान ले लेता था। उसका खौफ ऐसा था कि अंग्रेज पुलिस उसे बाईऑर्डर तीन फैट कहने लगी, फिर क्या था वह इसी नाम से मशहूर हो गया। सनकी सुंदर लाल के बारे में प्रचलित था कि अगर उसके दिमाग ने ऑर्डर दे दिया तो सिर्फ तीन फैट चलाकर सामने वाले की हत्या कर देता था।

शहर में अधिकतर बदमाशों की पहचान उनके उपनाम से ही होती रही है। ऐसे ही कई उपनामधारी बदमाशों में कोई मारा गया, कोई पुलिस की गोली का शिकार हुआ तो किसी ने राजनीतिक चोला ओढ़ लिया तो किसी ने अपराध की दुनिया से ही किनारा कर लिया।

70 के दशक में रावतपुर में चर्चित छोटे पंडित, गुमटी के बाबा सिंह और पप्पी की रंगबाजी चलती थी। पुराने लोग बताते हैं कि छोटे पंडित ने बदमाशी के शौक में बाबा सिंह को मार दिया और बड़ा भौकाली बन बैठा। नंदू-पुत्तन, पवन चुहिया और राजू इलाहाबादी और लाला पहाड़ी की रंगबाजी भी उसी दौर में परवान चढ़ी। इसके बाद 80 के दशक में भूतनाथ, उसके भाई जिन्नाद और प्रेतनाथ गैंग ने पुलिस की नींद हराम कर दी थी। इस गैंग की दुश्मनी बादशाहीनाका के शातिर संजय एड्डी गैंग से रही, उसका सही नाम संजय द्विवेदी था। जिन्नाद और एड्डी गैंग के बीच वर्चस्व के संघर्ष में कई कत्ल हुए और फिर दोनों मारे गए।

90 के दशक में बिल्लू-बाले गैंग ने पूरे देश में अपना नाम चर्चित किया। इसी समय अवैध हथियारों का तस्कर था आरिफ, जिसका उपनाम था चौड़ा, उसे ग्वालटोली में पुलिस ने मार गिराया था। फर्रुखाबाद के बिलइया का भी कानपुर में भी खौफ कम नहीं था। इसने अनवरगंज स्टेशन में ट्रेन के भीतर पुलिस इंस्पेक्टर को छलनी कर दिया था। इसे भी पुलिस ने मुठभेड़ में मारा गिराया। रिंगवाला,कटोरी, रंगा, चिकना, कांटेवाला, दिलशाद जेबकतरा, शहंशाह, तूत्तल, पग्गल, धुड़ूम, सारंगी, जुलजुल, आटेवाला, कबाड़ी,रियासत, बोलटू, तल्हा जैसे बदमाशों के नाम चर्चित रहे और हैं।

### चटनी, कनखड़ा और अन्नू पिस्टल की पुलिस को तलाश

- पुलिस ने बीते बुधवार शाहिद पिच्चा को गिरफ्तार किया तो शहर के पुराने मोहल्लों में पुराने जमाने के रंगबाजों और बदमाशों के उपनामों की चर्चा होने लगी। पिच्चा के साथी चटनी, कनखड़ा और अन्नू पिस्टल भी हैं, जिनकी पुलिस को तलाश है।

### ... जब नाम पड़ गया खूनी सड़क

- 60 के दशक में नई सड़क के आसपास बाबू पहलवान और कुरैशी खानदान के बीच दुश्मनी कई साल चली। अनवरगंज, मूलगंज और आसपास के इलाके उनकी दुश्मनी में हुई वारदातों के गवाह रहे। दोनों तरफ से इस इलाके में कई कत्ल हुए। इसी के बाद नई सड़क का नाम खूनी सड़क के रूप में लिया जाने लगा।

## व्यापारियों ने जीएसटी की समस्याएं बताई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उप्र युवा व्यापार मंडल कानपुर महानगर ने जीएसटी अधिकारियों के साथ बैठक कीं। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 आरएस विद्यार्थी, एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 2 कुमार आनंद, जॉइंट कमिश्नर रमेश सिंह वैश्य, डिप्टी कमिश्नर प्रशासन सूरजपाल मलिक शामिल रहे। मुख्य संरक्षक विजय कपूर, प्रदेश प्रभारी कपिल सब्बरवाल ने जीएसटी संबंधी समस्याएं रखीं। जीएसटी के प्रमुख रिटर्न जीएसटी थ्रीबी में गलती के संशोधन का कोई प्रावधान नहीं दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि धीरे-धीरे विभाग में नए-नए संशोधन हो रहे हैं। जिस व्यापारी की डेढ़ करोड़ रुपये तक की वार्षिक बिक्री हुई है उसका एक परसेंट जमा करके समाधान योजना में शामिल हो सकता है। महामंत्री रंजीत सिंह बिल्लू, अजय श्रॉफ, आमिर सिद्दीकी, सौरभ गुप्ता रहे।




बैठक में कारोबारियों की समस्या सुनते अधिकारी।



चिकित्सकों के साथ बुजुर्ग। अमृत विचार

### पारस हॉस्पिटल सीजीएचएस पैनल में शामिल

**कानपुर।** पारस हॉस्पिटल ने सीजीएचएस पैनल में शामिल होने पर प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण समिति के सात जागरूकता कार्यक्रम व स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया। डायरेक्टर वेंकटेश्वेलु मारपाका ने बताया कि हॉस्पिटल कार्डियोलॉजी (सीएबीजी, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर) नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ऑर्थो (घुटना व कुल्हा प्रत्यारोपण) कई प्रकार की ट्रामा की सर्जरी, गैस्ट्रो, जीआई सर्जरी, ईएनटी सर्जरी, ऑन्कोलॉजी (कीमोथेरेपी, रेडियो थेरेपी, इम्मुनोथेरपी) और अन्य सुविधाओं के लिए अधिकारिक रूप से सीजीएचएस पैनल में शामिल हो चुका है। मरीजों को ओपीडी, आईपीडी, सर्जरी और आपातकालीन सेवाओं में सीजीएचएस के तहत लाभ मिलेगा। डॉ. रिद्धि, डॉ. अनुराग सचान, डॉ. राजीव चित्रांशी व डॉ. अभिषेक अग्रवाल समेत अन्य विशेषज्ञों ने 125 लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। इस दौरान डॉ. रिध्धि पोरवाल, रितेश त्रिपाठी, आनंद सिंह चौहान व उपेंद्र यादव उपस्थित रहे।

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

34.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:18 | सूर्यास्त 07:05

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## शहर में आज

- **स्वागत :** जैन मुनि सतीश मुनि जी महाराज का नगर आगम व स्वागत आनंदपुरी गेट में सुबह 9:30 बजे।
- **जनसुनवाई :** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सर्किट हाउस में दोपहर 1:30 बजे जनसुनवाई करेंगी।
- **संगोष्ठी :** मेस्कर घाट पर मत्सय विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद की अध्यक्षता में संगोष्ठी सुबह 11 बजे।
- **श्रद्धांजलि :** गौरीशंकर अवस्थी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा माथुर वैश्य धर्मशाला रायपुरवा में शाम 4 बजे

# वाह री स्मार्ट सिटी, फुटपाथ-गलियां शौच से भरी पड़ीं

## शर्मनाक : ओडीएफ फ्री शहर में खुलेआम खुले में शौच कर रहे लोग, स्वच्छता मिशन का उड़ रहा है मजाक, गिर सकती रैंकिंग

**एक्सक्लूसिव**

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** नहर पट्टियों पर काबिज लोग नहर के किनारे खुले में शौच कर रहे हैं। सड़कों के किनारे और घनी बस्तियों में रहने वाले लोग भी बेधड़क सुबह या रात के अंधेरे में पार्कों या नालों के किनारे की जगह का इस्तेमाल शौच के लिए कर रहे हैं। बात यहीं तक नहीं है, तमाम मोहल्लों में सर्विस लेन या फुटपाथ के किनारे बनी शौचालय बनी हैं। स्मार्ट सिटी और ओडीएफ फ्री शहर का यह बुरा हाल नगर निगम की जांच में सामने आया है। हालांकि इस समस्या का बड़ा कारण नगर निगम क्षेत्र में बने शौचालय और यूरिनलों की खस्ताहाल स्थिति भी है। लेकिन अगर इस पर रोक नहीं लगी तो शहर की स्वच्छता रैंकिंग पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए खुले में शौच करने की गतिविधिया सख्ती से रोकने के लिये टीमें बनाने की कवायद शुरू हो गई है।

शहर में बने 96 सामुदायिक शौचालय पूरी तरह जर्जर हैं, जबकि 62 शौचालयों में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। यह डेटा नगर निगम की जांच रिपोर्ट की है। जोन-दो और जोन-छह में सार्वजनिक शौचालयों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। रिपोर्ट के अनुसार जोन 2 में 41 ऐसे शौचालय मिले हैं जो पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। जोन छह में 21 ऐसे शौचालय मिले हैं, जिनमें पानी की सुविधा ही नहीं है। इस कारण शौचालय बंद पड़े हैं। सफाई न होने से ये शौचालय सड़ांध मार रहे हैं। ऐसी स्थिति में यहां बस्तियों, नहर व नालों के आसपास रहने वाले लोग शौचालयों का प्रयोग न करके खुले में ही खुलेआम शौच क्रिया कर रहे हैं। इस संबंध में नगर स्वास्थ्य अधिकारी का कहना है कि शहर ओडीएफ प्लस है।

लेकिन नहर पट्टियों पर अवैध रूप से काबिज लोगों द्वारा खुले में शौच किया जा रहा है, इसके कारण नहरों में गंदगी जा रही है। ऐसा सफाई टीमों को लगातार देखने को मिल रहा है। नहरों के आसपास चट्टे भी चल रहे है। जिससे गंदगी लगातार बढ़ रही है। स्वच्छ भारत मिशन से 1.20 करोड़ रुपये शौचालयों के लिए जारी हुए हैं, इससे हालत सुधारी जाएगी।



बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

- अधिकतर सामुदायिक शौचालय जर्जर, बदहाल और सड़ांध से भरे
- नहरों के आसपास, पार्कों और नालों के किनारे भी लोग फैला रहे गंदगी
- नगर निगम की जांच में सामने आया तथ्य, सख्ती से रोकेंगी अब टीमें

**158** शौचालय शहर में खस्ताहाल

**96** सामुदायिक शौचालय पूरी तरह जर्जर

**62** शौचालयों में पानी की व्यवस्था नहीं

**1.20** करोड़ स्वच्छ भारत मिशन से हुए जारी

**02** दर्जन क्षेत्रों में खुलेआम खुले में शौच

### इन मोहल्लों में नाक को ढककर शौचालय जाने को मजबूर लोग

- चटाई मोहाल, कलक्टरगंज, हरवंश मोहाल, सिविल लाइंस, परेड, रायपुरवा, अनवरगंज, सीसामऊ, ओमपुरवा, चकेरी, नौबस्ता हंसपुरम, जाजमऊ, सफीपुर, किदवई नगर सब्जीमंडी, टीपी नगर, अजीतगंज, अशोक नगर, जवाहर नगर, बिनगवां, कर्रही, ग्वालटोली, सूटरगंज, फजलगंज, स्वराज नगर, नारामऊ, ख्योरा, अंबेडकर नगर काकादेव।

नहर पट्टियों पर अवैध रूप से काबिज लोगों द्वारा खुले में शौच किया जा रहा है, जिसके कारण नहरों में गंदगी जा रही है। सख्ती से ऐसे लोगों को रोका जा रहा है, शौचालयों का सुधार कार्य भी लगातार जारी है।

– डॉ. अमित सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

### अकेले सीसामऊ क्षेत्र में दो दर्जन शौचलयों की स्थिति काफी खराब

- शहर में अधिकतर सामुदायिक शौचालय जर्जर, बदहाल और सड़ांध से भरे हैं। मलिन बस्तियों और हातों में लोगों को खुले में शौच करने से रोकने के लिए बनाए गए शौचालयों की हालत भी बदतर है। कहीं सीट टूटी है, तो कहीं पानी की सुविधा ही नहीं है। इन समस्याओं के कारण कई शौचालय बंद कर दिये गये हैं। अकेले सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में दो दर्जन शौचालयों की हालत खराब है। यहां जीवन लाल हाता, टूटी मस्जिद चौराहे के पास पिंक शौचालय, ब्रह्म नगर चूना भटिया, टूटी रेलवे लाइन के पास स्थित शौचालय, कमला नेहरू पार्क स्थित शौचालय, लाल इमली कॉलोनी समेत कई जगह शौचालय काफी खराब स्थिति में हैं।

## 16 अपराधियों पर इनाम घोषित किया

**कानपुर ।** कमिश्नरेट पुलिस अपराधियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। धरपकड़ अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी के तहत ईस्ट जोन में 11 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इसमें गदियाना निवासी आजाद अली, अहिरवां के संजीवनगर का विश्वजीत उर्फ बीड़ी शामिल हैं। मंगला विहार पीएसी लाइन निवासी अमन तिवारी पर रंगदारी मांगने, डकैती और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में हिस्ट्रीशीट खुली है। चकेरी के गदियाना का वाहिद खान चोरी, नकबजनी में उस्ताद है। पटेल नगर निवासी अभिषेक सिंह उर्फ गोलू चंदेल, सनिगवां के डबल स्टोरी निवासी बाबू, मेस्टन रोड निवासी गुल्लू उर्फ मो. जाकिर, महाराजपुर के ऐमा गांव निवासी दीपक यादव और सुतरखाना निवासी आशीष राठौर उर्फ आलू की हिस्ट्रीशीट खुली है। कमिश्नरेट पुलिस ने महाराजपुर के लालूखेड़ा निवासी सूबेदार पर 25 हजार, श्यामनगर के अरिदमन सिंह व धर्मेंद्र सिंह उर्फ धर्मू पर 25-25 हजार, बादशाहीनाका के सोता गुप्ता पर 25, नवाबगंज के अनूप शुक्ला पर भी 25 हजार का इनाम घोषित किया है। 20 हजार के इनामी में कोतवाली से लकी सिंह, रेलबाजार में श्याम सिंह, चकेरी से झारखंड का करन महतो व इटावा का मिट्ठू कंजड़ शामिल हैं।

## एक नजर

### सतीश मुनि जी का आज आगमन, 10 से प्रवचन

**कानपुर।** शहर में चातुर्मास करने के लिए सतीश मुनि जी महाराज समेत चार जैन संतों का शुक्रवार को नगर आगमन होगा। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के महामंत्री धनंजय जैन ने बताया कि जैन मुनि सतीश मुनि जी महाराज 12 सौ किलोमीटर की पदयात्रा करके और छत्तीसगढ़ से पिछला चातुर्मास करके शहर आ रहे हैं। 27 जून को श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ आनंदपुरी में उनका मंगल प्रवेश होगा। भाजपा सांसद विजय बघेल के अलावा छत्तीसगढ़ के कई विधायक आगमन के दौरान गुरु महाराज का स्वागत करेंगे। कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी, एएएलसी सलिल विश्नोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। महाराज जी का प्रवचन 10 जुलाई से शुरू होगा।

### कर्नलगंज में घर के भीतर चलते मिला हुक्का बार

**कानपुर।** कर्नलगंज में एक घर में पुलिस ने छापा मारा तो वहां हुक्का बार चलते मिला। पुलिस ने छह हुक्का व तंबाकू के पाउचों समेत अन्य मादक पदार्थ बरामद किया है। संचालक समेत चार लोगों पर तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। कर्नलगंज थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार रात सूचना मिली कि छोटे मियां हाता में रहने वाले अदनान के घर में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित हो रहा है। इस पर देर रात पुलिस टीम ने उसके घर में छापा मारा। तलाशी लेने पर पता चला कि मकान की दूसरी मंजिल पर हुक्का बार संचालित हो रहा है। छह हुक्का, आठ पैकेट तंबाकू बरामद की हैं। टीम ने संचालक अदनाम, नदीम, फरहान व अरहम को हिरासत में लिया है। आरोपियों ने बताया कि वह लोगों को हुक्का पिलाने का काम करते थे। संचालक समेत चार के खिलाफ सिगरेट व तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत मुकदमा किया गया है।

## दिनदहाड़े ताला तोड़कर व्यापारी के घर 8 लाख की चोरी

**कानपुर।** अनवरगंज में व्यापारी के घर का ताला तोड़कर चोर दिनदहाड़े नकदी व जेवर समेत करीब आठ लाख का माल पार कर ले गए। व्यापारी ने पुलिस को सूचना देकर पड़ोसी पर संदेह जताया है। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

अनवरगंज में बांसमंडी निवासी वकास छोटे भाई नसीब के साथ रहते हैं। वकास के अनुसार 23 जून को घर में ताला लगाकर दोनों भाई दुकान पर गए थे। दोपहर करीब तीन बजे जब लौटे तो मकान के मेन गेट का ताला टूटा था। अंदर पहुंचे तो नजारा देखकर सन्न रह गए। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉकर टूटा था। चोर अलमारी से 70 हजार रुपये और सोने व चांदी के जेवर समेत करीब आठ लाख का माल ले गए थे। पुलिस से वकास ने वारदात में पड़ोसी पर संदेह जताया। थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# लेखाधिकारी के घर चोरी में नाबालिग गिरफ्तार, जेवर-नकदी हुए बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुख्य आरोपी की हो रही तलाश, बंद घर में 20 लाख की हुई थी चोरी
- नाबालिग ने चोरी के रुपयों से खरीदा आई फोन पुलिस ने बरामद किया

**अमृत विचार।** किदवईनगर पुलिस ने सेवानिवृत्त लेखाधिकारी के घर हुई 20 लाख की चोरी का खुलासा कर दिया। चोरी में नाबालिग को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने की चेन, 20 हजार रुपये व मोबाइल बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को बाल सुरक्षा गृह भेजा गया है। मुख्य आरोपी पवन उर्फ काके अभी फरार है।

किदवईनगर साइड नंबर-वन निवासी पावर कारपोरेशन के सेवानिवृत्त लेखाअधिकारी राजकुमार चतुर्वेदी के बंद घर से 20 लाख की चोरी हुई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि वह 28 मई को बेंगलुरु गए थे। उनकी नातिन की वहां नौकरी लगी है। घर में पत्नी थी, लेकिन बीमारी के चलते वह भी ताला लगाकर दो जून को पनकी में रहने वाले बेटे के घर चली गईं थीं।

पत्नी जब 19 जून की शाम घर आईं तो उन्हें ताला टूटा मिला। घर के अंदर अलमारी खुली और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर नकदी-जेवर समेत 20 लाख का माल पार कर ले गए थे। किदवईनगर पुलिस ने बुधवार रात आयुर्वेदिक पार्क के पास से एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। किदवई नगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उसके पास से चोरी गए जेवर व 20 हजार रुपये बरामद हुए। चोरी की रकम से ही उसने आई फोन खरीदा था, जिसे भी पुलिस ने बरामद किया है।



### मुख्य आरोपी करता है तंत्र-मंत्र, चार कुत्तों व छह पिल्लों को भी मार चुका

- पुलिस के अनुसार चोरी का मुख्य आरोपी पवन उर्फ काके अभी फरार है। उसकी लगातार तलाश की जा रही है। काके तंत्र-मंत्र के चक्कर में रहता है। इसी के चलते उसने किदवई नगर में साइट नंबर-वन स्थित रतनलाल शर्मा स्टेडियम के पास चार कुत्तों व उनके बच्चों समेत दस जानवरों को मारने के बाद दफनाने के माले में जेल जा चुका है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



गुरुवार देर शाम घने बादल छाए पर ललचाकर निकल गए। अमृत विचार

# आते-जाते बादल कल से बरसाएंगे पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बंगाल की खाड़ी से आई नम हवाओं ने टर्फ बनाना किया शुरू
- दो जुलाई तक शहर में रुक-रुक कर बारिश होने के आसार दिख रहे

**अमृत विचार।** शहर में 28 जून से भारी बारिश होने का अनुमान मौसम विशेषज्ञों ने जताया है। बरसात का सिलसिला दो जुलाई तक जारी रह सकता है। इस दौरान रुक-रुक कर बरसात होगी। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि बीते कुछ दिनों से बंगाल से आने वाली नम हवाएं जो मॉनसून में भारी बारिश लेकर आती है, वे तमाम सिस्टम सक्रिय होने से शहर तक नहीं पहुंच पा रही थीं। अगले 48 घंटों में नम हवाओं का शहर आना अबाध रूप से शुरू हो जाएगा। इससे ऊपरी सतह पर टर्फ लाइन बनेगी और शहर में झमाझम बारिश हो सकेगी। बारिश न होने से शहर में उमस भरी गर्मी गुरुवार को चरम पर रही। शहर का अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में हवा की औसत गति 9.6 किमी प्रति घंटा रिकॉर्ड की गई। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि अगले पांच दिनों तक हल्केसे घने बादल रहेंगे और रुक-रुककर बरसात होगी।

# केडीए ने मानचित्र की दिक्कतें दूर कीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मानचित्र सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण के लिए गुरुवार को केडीए में मानचित्र समाधान दिवस आयोजित किया गया। सभागार कक्ष में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों के मुताबिक उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल, सचिव अभय पांडेय व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान प्राधिकरण स्तर पर लम्बित अनापत्तियों की समीक्षा की गई। केडीए उपाध्यक्ष ने लैण्ड बैंक व विक्रय अनुभाग को तत्काल लम्बित अनापत्तियां निर्गत करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के सामने 15 लोगों ने अपनी समस्याएं मौखिक व लिखित रूप से दीं, जिनका तत्काल समाधान कराया गया। केडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि हर गुरुवार को यह आयोजन होगा। मानचित्र के आवेदक आर्किटेक्ट अपनी समस्याओं के साथ उपस्थित हो सकते हैं, प्रकरणों का निस्तारण तत्काल कराया जायेगा।




केडीए में समस्याएं सुनते उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल। अमृत विचार

# डॉक्टर ने सुपरवाइजर पर की थप्पड़ों की बरसात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पोछा लगने के दौरान सुपरवाइजर ने डॉक्टर को गीले फर्श पर चलने से रोका था, कोतवाली में दी तहरीर

**अमृत विचार।** उर्सला अस्पताल में एक डॉक्टर ने सुपरवाइजर पर दनादन थप्पड़ों की बरसात कर दी। इस दौरान पीड़ित हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा। उसने पोछा लगने के दौरान डॉक्टर को साफ किए गए गीले फर्श पर चलने से मना किया था। पूरी घटना अस्पताल के सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो गुरुवार को वायरल होने पर मामले ने तूल पकड़ लिया।

उर्सला अस्पताल में रविंद्र कुमार उर्फ रॉबिन आउटसोर्सिंग सुपरवाइजर हैं। रॉबिन के मुताबिक वह बुधवार रात करीब 10 बजे अस्पताल परिसर में पोछा लगवाने का काम करा रहा था, तभी वहां से डॉ.वीकेएस कटियार गुजरने लगे। इस पर उन्हें थोड़ी देर रुकने को कहा। आरोप है कि इतना सुनते ही डॉ. कटियार आक्रोशित हो गए। रॉबिन के मुताबिक जब उसने अभद्रता का विरोध किया तो नशे की हालत में डाक्टर ने उसे धक्का दे दिया और लगातार कई थप्पड़ जड़ दिए। अस्पताल में डॉक्टर द्वारा की गई इस मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इसका वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया में वायरल हो गया। वीडियो में सुपरवाइजर को डॉक्टर पीटते हुए दिख रहे हैं। कर्मचारी डॉक्टर के सामने बेबस और हाथ जोड़ते हुए नजर आ रहा है। घटना के दौरान सुरक्षा के लिए अस्पताल में तैनात गार्ड चश्मदीद बना रहा। सुपरवाइजर ने डॉक्टर के खिलाफ कोतवाली में नशे में धुत होकर मारपीट व अभद्रता करने की तहरीर दी है।

### तीन डॉक्टरों की जांच कमेटी गठित

- उर्सला अस्पताल में हुई मारपीट और वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने घटना की स्पष्ट जांच के लिए तीन डॉक्टरों की जांच कमेटी गठित की है। इसमें डॉ.शैलेंद्र तिवारी, डॉ.धीर सिंह और डॉ.जीएन दुबे शामिल हैं। वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है।

**मुसीबत** — बेढंगा ट्रैफिक, खस्ताहाल सड़कें और चिपचिपी गर्मी भी लोगों को सड़क पर कर रही पैनिक

# जिंदगी की कशमकश के बीच शहर का हाल भी बढ़ा रहा एंग्जाइटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भागदौड़ भरी जिंदगी और व्यस्तम जीवनशैली के बीच शहर का बेढंगा ट्रैफिक, खस्ताहाल सड़कें, सिविक सेंस की कमी और यहां तक कि उमस भरे मौसम से उपजे तनाव के कारण भी लोग जरा-जरा सी बात पर पैनिक हो जाते हैं।

अक्सर परिजनों, मित्रों या कार्यालय में सहयोगियों पर छोटी-छोटी बात पर गुस्सा करने और चिल्लाने लगते हैं। चिकित्सकों के मुताबिक यह एंग्जाइटी के लक्षण हो सकते हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन एक दर्जन एंग्जाइटी ग्रस्त मरीज पहुंचते हैं।

इनमें कई मरीज देखने में बिल्कुल सामान्य नजर आते हैं, लेकिन समस्या की पड़ताल करने पर पता चलता है कि अगर कोई इनकी बात कोई अनसुनी करता है, अनदेखी करता है या काम मनमुताबिक नहीं होता है तो यह पैनिक हो जाते है। यहां तक कि सड़क पर चलते समय कभी-कभी इतने आक्रोशित हो जाते हैं कि झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। कई बार गुस्से में अपना या सामने वाले का नुकसान तक कर देते हैं।

### युवाओं के बीच तेजी से बढ़ती जा रही है समस्या

मानसिक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय चौधरी के मुताबिक अक्सर लोग एंग्जाइटी को तनाव या डिप्रेशन से जोड़कर देखते हैं। लेकिन यह इन दोनों से काफी अलग है। एंग्जाइटी डिसऑर्डर दिमाग से संबंधी सामान्य विकार है, इससे पीड़ित व्यक्ति को घबराहट या परेशानी होती है। समय से लक्षणों की पहचान होने पर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। समस्या गंभीर होने पर डिप्रेशन जैसी बीमारी की वजह बन सकती है। युवा इस समय एंग्जाइटी के अधिक शिकार हो रहे हैं।



### एंग्जाइटी डिसऑर्डर के लक्षण

- घबराहट, तनाव या बेचैनी महसूस होना।
- नकारात्मक विचार या खतरे का अहसास।
- बार-बार एक ही समस्या के बारे में सोचना।
- नींद में समस्या, कई बार सांस लेने में दिक्कत।
- हाथ-पैर ठंडे होना, पसीना आना या शरीर में झुनझुनी।
- हाथ

### ऐसे बचे एंग्जाइटी ग्रस्त होने से

- हर रात 7 से 8 घंटे की नींद अनिवार्य रूप से लें।
- योग, ध्यान, व्यायाम करें, प्रकृति में समय बिताएं।
- फल, सब्जियां और साबुत अनाज का सेवन करें।
- दोस्तों और परिवार के साथ भावनाओं को व्यक्त करें।
- किसी परेशानी में पार्टनर या परिवार से सहायता लें।

### बेचैनी तथा नकारात्मक विचारों के साथ सताता डर और चिंता

- एंग्जाइटी एक तरह की मानसिक समस्या है, जिससे पीड़ित व्यक्ति अक्सर बेचैनी के साथ नकारात्मक विचार, चिंता और डर से घिरा रहता है। यह समस्या हमारे रोजमर्रा के जीवन के तनावों और चिंताओं के कारण जन्म लेती है, जो बाद में गंभीर रूप में बदल जाती है। इसके सामान्य लक्षणों में हाथ कांपना, पसीना आना, घबराहट, मन में उलझन, बिना बात रोना शामिल है। बीपी, शुगर पीड़ित और मदिरा का सेवन करने वाले लोग जल्दी इस डिसआर्डर की गिरफ्त में आते हैं।



# आज रथ में विराजेंगे जगन्नाथ महाराज

## रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालु रहेंगे मौजूद, सुरक्षा की दृष्टि से की गई है चाक चौबंद व्यवस्था

संवाददाता बिठूर

**अमृत विचार।** बिठूर के बैकुंठपुर गांव के निकट स्थित श्री जगन्नाथ जी भगवान की रथ यात्रा आज शाम से प्रारम्भ होगी और 8 जुलाई तक चलेगी। इस दौरान हजारों भक्त और श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।

आज शाम 4 बजे प्रभु बलभद्र माता सुभद्रा तथा भगवान जगन्नाथ मंदिर से रथ में विराजेंगे और पूजा आरती के साथ भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा भक्तों के साथ लगभग 6 बजे कल्याणपुर बैरी स्थित दुर्गा मंदिर में पहुंच कर पूर्ण होगी। भगवान जगन्नाथ जी बैरी स्थित दुर्गापुर मंदिर में 5 जुलाई की शाम तक रहेंगे। 5 जुलाई की शाम 4 बजे पुनः सभी भगवान रथ में विराजेंगे और पूजा अर्चना के बाद रथ यात्रा प्रारम्भ होगी और पुनः जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी। रथ यात्रा मंदिर पहुंचने के बाद भगवान जगन्नाथ रथ से ही भक्तों कों दर्शन देंगे। 8 जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपने मंदिर में विराजेंगे।


प्रभु जगन्नाथ जी की प्रतिमा।


इसी रथ में विराजेंगे प्रभु जगन्नाथ जी।


सुरक्षा को लेकर जांच पड़ताल करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### एसीपी ने जांची व्यवस्था

एसीपी कल्याणपुर ने बिठूर और कल्याणपुर थाने के पुलिस फोर्स के साथ दोनों मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि इस बार सुरक्षा के दृष्टिगत पूरी यात्रा कि ड्रोन द्वारा निगरानी भी की जाएगी। रथयात्रा के साथ डॉक्टर्स कि टीम व एम्बुलेंस रथयात्रा प्रारम्भ होने से समाप्त होने तक उपस्थित रहेगी। साथ ही रथयात्रा समिति के द्वारा स्वयं सेवकों कि छोटी छोटी टोली बनाई गई हैं।

### जगन्नाथ जी की रथ यात्रा पर घाटमपुर में भी जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

घाटमपुर। घाटमपुर के भीतरगांव क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग गांव में जगन्नाथ जी का अति प्राचीन मंदिर स्थित है। यह मंदिर गुप्त कालीन मंदिर है। इस मंदिर को मानसूनी मंदिर भी कहा जाता है। आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया को निकलने वाली जगन्नाथ जी की रथ यात्रा पर हजारों की संख्या में भक्त जन उपस्थित होते हैं। इस रथ यात्रा में घाटमपुर-कानपुर सहित अन्य जनपदों के हजारों भक्त शामिल होते हैं। यह यात्रा सुबह से शाम तक चलती है। गांव व क्षेत्र के लोग इसे एक त्योहार के रूप में मनाते हैं। तरह तरह की लीलाओं के साथ कृष्ण-बलदाऊ और सुभद्रा जी को सुंदर रथ में बिठाकर यात्रा का शुभारंभ होता है। इन्हें गांव में भ्रमण कराते हुए मंदिर में शयन कराया जाता है। इस मंदिर का निर्माण गुप्तकाल के समय हुआ था। इसमें भगवान जगन्नाथ जी की अद्भुत मूर्ति है और साथ ही मूर्ति के अगल बगल चौबीस अवतार दिखो गए हैं।

## भाजपा नेता के घर हुई चोरी में दर्ज हुई रिपोर्ट

**बिल्हौर।** बिल्हौर थाना क्षेत्र के शांति नगर में एक घर में चोरी की घटना सामने आई है, जहां चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घर के मालिक, अभय शंकर मिश्र उर्फ विक्रम मिश्र ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, अभय शंकर मिश्र अपने बड़े भाई ब्रह्म शंकर मिश्र और परिवार के साथ दिनांक 20 जून को दार्जिलिंग घूमने गए थे। लौटने पर 25 को लगभग 9 बजे, उन्हें अपने घर में चोरी का पता चला। घर का मुख्य दरवाजा खुला पाया गया और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। अभय ने अपनी शिकायत में बताया है कि चोरों ने 21/22 जून की रात में उनके घर से सोने चांदी के जेवरात और लगभग ढाई लाख रुपये की नकदी चुरा ली। इस घटना की सूचना तत्काल थाना प्रभारी बिल्हौर को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि कई मामले में अभी भी खुलासा होना बाकी है। वहीं माखनपुरवा व बरौली गांव में हुई चोरी का खुलासा होना भी अभी बाकी है।

## सार-संक्षेप


ग्राम न्यायालय बिल्हौर में मौजूद न्यायिक मजिस्ट्रेट व अन्य। अमृत विचार

### समझौतों के बाद वादों में लगी क्लोजर रिपोर्ट

**शिवराजपुर।** गुरुवार को ब्लॉक सभागार में ग्राम न्यायालय बिल्हौर का आयोजन किया गया। उपरोक्त ग्राम सचल न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट ग्राम न्यायालय बिल्हौर के द्वारा मुकदमों में वादी-प्रतिवादियों के समझौते के उपरांत मुकदमों में क्लोजर रिपोर्ट लगाई गई। वहीं सचल न्यायालय का प्रचार प्रसार ना होने के अभाव में वादी प्रतिवादियों की संख्या नगण्य रही। इस अवसर पर ग्राम न्यायालय बिल्हौर, कानपुर देहात विकास कुमार, नायाब तहसीलदार रंजीत यादव, पेशकार सोमेंद्र मालवीय, हर्ष अवस्थी, राजस्व निरीक्षक प्रदीप त्रिपाठी, लेखपाल प्रमोद श्रीवास्तव, स्मिता यादव, ग्राम सचिव राजेश पाल, अंजली पाण्डेय सहित बड़ी संख्या वादी प्रतिवादी मौजूद रहे।

### महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव आज करेंगी जनसुनवाई

**कानपुर।** सर्किट हाउस सभागार में शुक्रवार को उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव आएंगी। वह दोपहर डेढ़ बजे महिला उत्पीड़न घटनाओं की समीक्षा करेंगी और महिलाओं की शिकायत सुनेंगी। जनसुनवाई से पहले वह किदवई नगर स्थित वृद्धा आश्रम, स्वरूप नगर स्थित बालिका शरणालय, गोल चौराहा स्थित वन स्टॉप सेंटर, जिला महिला बंदीगृह व जिला महिला अस्पताल डफरिन का निरीक्षण करेंगी। अर्पणा यादव मुख्य रूप से महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, पुलिस उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, बलात्कार, कन्याभ्रूण, गर्भपात, यौन उत्पीड़न, दहेज हत्या, मानव तस्करी, बाल विवाह, एसिड अटैक आदि अपराधों के संबंध में सुनवाई करेंगी। पीड़िता को एक प्रार्थना पत्र और आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाना जरूरी है।


अपर्णा यादव।

### महिला से की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**चौबेपुर।** क्षेत्र के तातियागंज गांव में गत दिवस आवासीय प्लॉट पर गई महिला को अकेला पाकर युवक ने छेड़छाड़ करते हुए अश्लीलता की। तभी महिला का पति मौके पर पहुंच गया इस पर उसने महिला के पति के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। क्षेत्र के तातियागंज गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि गत दिवस वह पति के साथ गांव में ही स्थित अपने आवासीय प्लॉट पर कार्यवश गई थी। बताया कि कुछ देर बाद पति खाना व पानी लेने के लिए घर चले गये। इसी बीच गांव का अमन उर्फ पिंटू सविता मौके पर आ गया और अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लीलता करने लगा। विरोध करने पर उसने उसके साथ मारीपीट कर दी। इसी बीच वहां पहुंचे महिला के पति द्वारा युवक को पकड़े जाने पर उसने अपने दो अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया और उसे व पति को बुरी तरह से मारा पीटा। जिसमें दोनों को गंभीर चोटे आई हैं। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# साइबर सेल ने पॉर्न वीडियो के नाम पर डराकर वसूली करने वाले दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बता 66 लोगों से की थी वसूली
- आठवीं कक्षा तक पढ़ा है गिरोह का मास्टरमाइंड

**अमृत विचार।** क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने चार शातिरों को गिरफ्तार किया। यह लोगों को फोन करके पॉर्न वीडियो देखने की बात कहकर डराते थे और फिर उनसे वसूली करते थे। लोगों को फर्जी अधिकारी बनकर कॉल करने वाले दो सदस्य अभी फरार हैं। गिरोह का मास्टरमाइंड सिर्फ आठवीं तक पढ़ा है। आरोपियों के बारे में क्राइम ब्रांच को आईफोरसी (इंडियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर) की ओर से संचालित प्रतिबिंब पोर्टल से जानकारी हुई। इस पर साइबर सेल ने खुद साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें गिरफ्तार किया। डीसीपी क्राइम एसएम कासिम आबिदी के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पोर्टल में 66 शिकायतें मिलीं। गिरोह करीब 50 लाख की वसूली कर चुका है। अन्य शिकायतों की जानकारी जुटाई जा रही है।

डीसीपी क्राइम ने बताया कि पोर्टल को ट्रेस करने पर संदिग्ध नंबरों की जानकारी हुई। जब उसे ट्रेस किया गया तो हॉट स्पॉट शहर का मिला। शातिरों को पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर साइबर थाना सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में एसआई पुनीत तोमर, गौरव अत्री, हेड कांस्टेबल फिरोज बदर, अजय कुमार सिंह, शरीफ, सिपाही राहुल यादव और सौरभ पांडेय को लगाया गया। मास्टरमाइंड शिवम वर्मा आठवीं पास है। डीसीपी क्राइम ने बताया कि नर्वल के छतुरवा बरईगढ़ निवासी शिवम वर्मा, किदवईनगर एम ब्लॉक निवासी अंकित दीक्षित, नौबस्ता गल्ला मंडी दीनदयालपुरम का गौरव सचान और ओ ब्लॉक किदवईनगर के कासान रायीन को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से तीन बायोमेट्रिक मशीन, एक फिनो बैंक पेमेंट मिनी एटीएम डिवाइस, सात 5-जी सिम कार्ड, एक सिम, 12 फिनो बैंक डेबिट कार्ड, 95 अन्य सिम सहित पांच मोबाइल बरामद हुए हैं।

## स्टेशन पर झोपड़ी में मिली बच्ची, घुटवा दिए थे बाल

**कानपुर।** मां की डांट से नाराज होकर घर से निकली आठ वर्षीय बालिका सेंट्रल स्टेशन पर मिली। मूलरूप से उन्नाव के बांगरमऊ निवासी सुशील सफीपुर प्रथम में किराए पर रहते हैं। उनकी आठ वर्षीय बेटी रामरानी को 18 जून की सुबह मां ने उसे खेलने को लेकर डांट दिया था। जिससे नाराज होकर वह घर से चली गई थी। पिता ने चकेरी थाने में अपहरण की आशंका जताते हुए शिकायत की थी। थाना प्रभारी बताया कि तलाश में पता चला कि घर से बच्ची रामादेवी चौराहा, पीएसी मोड़, टाटमिल चौराहा, बस अड्डे से अफीम कोठी फिर सेंट्रल स्टेशन जाते दिखी थी। गुरुवार सुबह सूचना मिली कि बच्ची को स्टेशन के पास झोपड़ी में बच्चों के साथ खेलते देखा गया है। लेकिन बरामद बच्ची के सिर से बाल गायब मिले।

# मंदिर में दर्शन के दौरान हुई मारपीट, तीन लोग घायल

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन थाना क्षेत्र में बुधवार, 25 जून को कुछ लोग औरोताहारपुर गांव में लगने वाले मेला में बराही देवी दर्शन करने गए एक परिवार पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसमें विपुल कुमार सहित तीन लोग घायल हो गए।

घटना बर्रा देवी मंदिर में दोपहर करीब 3 बजे उस वक्त हुई जब दर्शनार्थी विपुल कुमार पाण्डेय ने भीड़ में कुछ लोगों द्वारा की जा रही बदतमीजी का विरोध किया। विपुल कुमार पाण्डेय ने अपनी शिकायत में बताया कि विरोध करने पर कन्हैया दुबे, हर्ष दुबे और अन्नू दुबे निवासी औरोताहरपुर ने उन्हें गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब उनके भाई शोभित, विद्याशंकर और अंकित पाण्डेय उन्हें बचाने आए तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे विपुल और उनके भाइयों को गंभीर चोटें आई हैं। इस संबंध में विपुल कुमार पाण्डेय पुत्र विमलेश कुमार निवासी ग्राम गदनपुर चोरसा, थाना बिल्हौर, कानपुर नगर ने ककवन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल है, जबकि मेला में कानून व्यवस्था के नाम पर भी लापरवाही हुई है, जिसके चलते दो पक्षों में जमकर बवाल हुआ है। लोगों के अनुसार काफी देर तक मेला परिसर में भगदड़ का माहौल बना रहा।

# शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि पर कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले शुभांशु शुक्ला की कामयाबी पर कांग्रेसी जनों ने गर्व का पल बताया। कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुआई में गुरुवार को कांग्रेसजनों ने शुभांशु शुक्ला के चित्र हाथ में लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए और तिलक हाल के बाहर मिष्ठान वितरण किया। कानपुर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि आज 41 साल बाद राकेश शर्मा की तरह भारत ने फिर से अंतरिक्ष पर छाप छोड़ी है। पवन गुप्ता ने कहा कि वायुसेना के ग्रुप कैप्टन, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्जियम 4 मिशन में पायलट के रूप में इतिहास रचते हुए अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी है। पूरे भारत को उन पर गर्व है। आने वाली पीढ़ियों के लिए वे आदर्श बन गए। पवन गुप्ता ने कहा कि कैप्टेन शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। सभी हाथों में तिरंगा लिया भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाते रहे।

# घाटमपुर में रेल कर्मी को मारी गोली, हालत गंभीर

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** बुधवार देर रात एक युवक को कुछ युवकों ने गोली मार दी। गोली उसके जबड़े में लगते हुए निकल गई। परिजनों ने उसे घाटमपुर सीएचसी में भर्ती कराया वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

स्टेशन रोड निवासी 19 वर्षीय कृष्णकांत शर्मा रेलवे में संविदा बुकिंग क्लर्क हैं। रात करीब 11 बजकर 15 मिनट पर कृष्णकांत ड्यूटी से घर लौट रहे थे। उनकी चाय की दुकान पर कुछ युवक बैठे थे। कृष्णकांत ने देर रात युवकों के बैठने का विरोध किया। इस पर युवक भड़क गए और कहासुनी शुरू हो गई। युवक एक बाइक पर सवार होकर जाने लगे। उन्होंने कृष्णकांत को गाली दी। कृष्णकांत ने करीब सौ मीटर दौड़कर युवकों को पकड़ लिया। इसी दौरान किसी युवक ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके जबड़े में लगी और वे बेहोश होकर गिर पड़े। चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल कृष्णकांत को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय के अनुसार, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल।

# राशन कार्ड नहीं होने पर काम आएगी फैमिली आईडी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईडी से मिलेगा 76 से अधिक योजनाओं का लाभ
- 40 हजार से अधिक परिवारों ने किया आवेदन

अमृत विचार। अगर आपके पास राशन कार्ड नहीं है और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने चाहते हैं तो फैमिली आईडी बनवाकर फायदा उठा सकते हैं। इसके लिए सरकार ने एक परिवार, एक पहचान योजना के तहत सभी परिवारों को यूनिक 12-अंकों वाली पहचान संख्या (फैमिली आईडी) प्रदान किए जाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसका लाभ लेने के लिए फैमिली आईडी पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

जिले में अब तक 40,067 से अधिक परिवारों ने एक परिवार, एक पहचान योजना में आवेदन किया है। योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में प्रत्येक परिवार का एक समेकित डेटाबेस तैयार करना है, जिससे जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सके। सीडीओ दीक्षा जैन के मुताबिक योजना के तहत यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि परिवारों के ऐसे सदस्य जो रोजगार से वंचित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। परिवार पहचान संख्या प्राप्त करने के लिए, जिन परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं है, वह https://familyid.up.gov.in पोर्टल आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। यदि कोई नागरिक सार्वजनिक सेवा केंद्र (सीएससी) के माध्यम से आवेदन करता है तो उसे 30 रुपये का शुल्क देना होगा। आवेदन के लिए आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर जरूरी है, क्योंकि सत्यापन ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। परिवार के सभी सदस्यों के आधार नंबर व विवरण भरकर उन्हें फॅमिली आईडी से जोड़ा जा सकता है।

### गूगल प्ले स्टोर से कर सकते हैं डाउनलोड

- सीडीओ के मुताबिक रोजगार, पेंशन, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सेवाएं फैमिली आईडी के लाभ शामिल हैं। सरकार ने मोबाइल एप्लिकेशन यूपी फैमिली आईडी एप भी लॉन्च किया है, जिसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से नागरिक आवेदन की स्थिति जान सकते हैं और योजना से जुड़ी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## क्षत्रिय समाज कार्यालय का उद्घाटन 29 को

**कानपुर।** शहर में जय क्षत्रिय समाज सेवा समिति के कार्यालय का उद्घाटन 29 जून को कराया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष शुभम सिंह तोमर ने दी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में संगठन द्वारा पनकी के शदाब्दी नगर मे पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा की स्थापना कराई जायेगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सरसई वि०खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक :– मेमो/मनरेगा/2025–26 दिनांक : 26.06.2025

**निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत में पुलिया निर्माण कार्य– सैयद बाबा के स्थान में का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्द टेण्डर दिनाँक 27.06.2025 से दिनांक 03.07.2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त टेण्डर दिनाक 03.07.2025 को अपरान्ह 4 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथपत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी/टेण्डरदाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है, आपूर्ति की गई सामग्री में मानक/ गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | 4.0869 टन |
| 2 | लोकल बालू | 3.2140 घन मी0 |
| 3 | सी. सैण्ड | 8.3903 घन मी0 |
| 4 | 40 MM ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 2.8412 घन मी0 |
| 5 | 20 एम.एम. ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 3.7796 घन मी0 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईटा– 150 | 6470 ईट |
| 7 | 10 MM ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 1.2309 घन मी0 |
| 8 | मिल्ड स्टील | 3.7091 कुन्तल |

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सरसई
वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

प्रधान
ग्राम पंचायत सरसई
वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)


आयोजन — गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर महानगर ने आपातकालीन पर संगोष्ठी का किया आयोजन

# आपातकाल के दौरान के संघर्षों की सुनाई व्यथा

संवाददाता घाटमपुर

अमृत विचार। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर महानगर द्वारा आपातकालीन संघर्ष गाथा विषयक संगोष्ठी का आयोजन प्रमिला सभागार में किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक श्रीराम उपस्थित रहे।

वहां पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आपातकाल की संघर्ष गाथा आज की युवा तरुणाई को जानना चाहिये। आपातकाल की संघर्ष गाथा को उस समय के लोगों के मुखार बिंदु से सुनकर हम सभी के अंदर राष्ट्रभक्ति के संचार के साथ साथ नई ऊर्जा और राष्ट्रीय चेतना जागृत होती है। उन्होंने बताया कि आपातकाल के दौरान विशिष्ट व्यक्तियों के साथ जिस प्रकार दुर्व्यवहार व बर्बरता की गई वह आज भी हम सभी को पीड़ा देती है। लोकतंत्र का गला घोंटकर आपातकाल लागू किया गया था। मुख्य अतिथि गया प्रसाद जायसवाल ने 25 जून 1975 में लगे आपातकाल के प्रत्यक्ष रूप से साक्षी रहने व उस दौरान जेल यात्रा के संस्मरणों को साझा किया। उन्होंने बताया कि उस समय की तत्कालीन सरकार ने संविधान की हत्या करते हुए 21 महीनों तक आपातकाल को भारतीय जनता पर थोपा था। प्रांत प्रमुख डॉ. यतीन्द्र सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता व समस्त देशवासी कभी भी इस कृत्य को भूल नहीं पाएंगे। परिषद के कार्यकर्ता सदैव भारत माता के सम्मान में भारत विरोधी ताकतों से लोहा लेने में अग्रिम पंक्ति के वाहक रहे हैं। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर विभीषिका के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आपातकाल के कालखंड को युवा पीढ़ी के बीच तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। क्योंकि इतिहासकारों ने ऐसी क्रूर घटना को लगातार दबाने का कार्य किया है लेकिन परिषद ने समय समय पर सही इतिहास को युवा पीढ़ी के समक्ष रखते हुए राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य किया है। कार्यक्रम का संचालन खुशी गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान ओम नारायण त्रिपाठी, नंदकुमार शुक्ला, कृष्ण चंद्र, दिनेश चन्द्र गुप्त, अरुण वर्मा, इन्द्र नारायण शर्मा, त्रिलोची पाल, सुभाष जायसवाल, विजय शंकर शुक्ला, रमाशंकर गुप्त, अमिताभ पाण्डेय, डॉ० प्रियंका सिंह, इंद्रेश शुक्ला, गरिमा त्रिवेदी, ज्ञानेंद्र सिंह, गुंजन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# पांच दिन गुजरे, परिवार की टूट रही आस

संवाददाता, मंगलपुर

- सेंगुर नदी में डूबा युवक पांच दिन बाद भी बरामद नहीं
- एसडीआरएफ टीम तलाश में जुटी, एनडीआरएफ लौटी

**अमृत विचार।** फत्तेपुर गांव के पास दोस्तों के साथ बीते रविवार को सेंगुर नदी के चेकडैम में नहाने के दौरान डूबे दूसरे युवक का पांच दिन बाद गुरुवार को भी कोई पता नहीं लग सका। लगातार सर्च ऑपरेशन के बाद भी कोई कामयाबी नहीं मिलने पर एनडीआरएफ टीम गुरुवार को लौट गई। हालांकि एसडीआरएफ की टीम अभी भी डूबे युवक की तलाश में जुटी है। पांच दिन गुजरने के बाद अब परिवार की आस टूट रही है।

डेरापुर तहसील क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी दीपक (27) और जरौली गांव निवासी रोहित (21) अपने दोस्तों के साथ बीते रविवार की दोपहर गांव के पास सेंगुर नदी के चेकडैम में नहाने गए थे। नहाने के दौरान तीन युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे थे। आसपास


सेंगुर नदी में डूबे युवक की तलाश करती एसडीआरएफ टीम। अमृत विचार

मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक को सलामत बचा लिया था, जबकि दीपक और रोहित का कोई सुराग नहीं लग सका था। डेरापुर एसडीएम भूमिका यादव, थाना प्रभारी महेश कुमार ने एसडीआरएफ टीम को बुलाकर तलाश शुरू कराई थी।

सोमवार को रोहित का शव नदी से बरामद किया गया था। वहीं दीपक का पता न चलने पर मंगलवार को लखनऊ से एनडीआरएफ टीम को बुलाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया गया। हादसे के पांच दिन बीतने के बाद भी दोनों टीमें दीपक को सेंगुर नदी में तलाश नहीं सकीं। गुरुवार की देर शाम तक युवक का पता नहीं चलने पर एनडीआरएफ टीम वापस लौट गई। फिलहाल कालपी से नर्मदेश्वर मिश्रा की अगुवाई में आई एसडीआरएफ की टीम अभी भी डूबे युवक की तलाश में लगी हुई है।

लगातार पांच दिन से सर्च ऑपरेशन चलने के बाद भी दीपक की बरामदगी न होने से अब परिवार की आस टूट रही है। दीपक की पत्नी अंकिता, बेटा अनमोल, भाई सुमित और अमित गुरुवार को भी नदी के किनारे डटे रहे और सर्च ऑपरेशन में जुटी टीमों पर टकटकी लगाए बैठे रहे। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। अब तो दीपक के सलामत होने की उम्मीद भी टूटती जा रही है। थाना प्रभारी महेश कुमार का कहना है कि रेस्क्यू टीम कड़ी मशक्कत कर युवक की तलाश में जुटी हुई हैं।

## जीरो पॉवर्टी में चिह्नित 292 वृद्धों को भेजी गई पेंशन

**कानपुर देहात।** जिला समाज कल्याण अधिकारी गीता सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत जीरो पॉवर्टी अभियान के दौरान चिह्नित किए गए जनपद के 292 पात्र वृद्धों को उनके आधार सीडेड बैंक खातों में पेंशन की धनराशि निदेशालय स्तर से भेजी गई है।

उन्होंने कहा कि जिन वृद्धजनों को अभियान में चिह्नित किया गया है, उनके आवेदन पत्र ऑनलाइन कराकर पेंशन स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल 292 वृद्धों को पेंशन की धनराशि भेजी गई है। वृद्धजन संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर पेंशन की धनराशि प्राप्त कर सकते हैं। अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी कमरा नंबर 106, विकास भवन माती में संपर्क किया जा सकता है।

# लापता युवती का लटका मिला शव

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** सुरासी गांव से बीते मंगलवार को लापता युवती का शव संदिग्ध हालत में खेत पर पेड़ से दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के पास मिले मोबाइल से छानबीन शुरू की है।


शिवानी उर्फ छोटू।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के सुरासी गांव में गुरुवार शाम खेत पर खड़े ढांक के पेड़ में दुपट्टे के सहारे एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला। उसकी पहचान गांव के शिवकुमार कठेरिया की पुत्री शिवानी उर्फ छोटू (20) के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि शिवानी बीती मंगलवार शाम को अचानक लापता हो गई थी। उन्होंने उसकी हर जगह तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।


युवती का शव मिलने के बाद मौके पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

- बदबू आने पर पता चला, पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच की

जिसपर गुरुवार दोपहर युवती के पिता ने थाना मंगलपुर में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वहीं गुरुवार शाम गांव के कुछ ग्रामीण खेतों की तरफ गए तो उन्हें एक पेड़ से बदबू आती महसूस हुई। उन्होंने पास जाकर देखा तो शिवानी का शव फंदे से लटक रहा था।

उन्होंने सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। एएसआई कमलेश कुमार ने बताया कि घटना की परिस्थितियां संदिग्ध हैं। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। युवती के पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है जिससे मामले की कड़ी खुलने की संभावना है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा। जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बाढ़ापुर रोड पर सब्जी बाजार के जाम से लोग परेशान

**कानपुर देहात।** अकबरपुर नगर पंचायत की ओर से पूर्व जगह बाढ़ापुर रोड पर सब्जी बाजार लगाने के बाद से आए दिन जाम की समस्या रहती है। जिससे लोग परेशान होते हैं। बता दें कि पूर्व में अकबपुर कस्बा के स्टेट बैंक रोड पर खाली जगह को सब्जी मंडी स्थल के तौर पर चयनित कर दुकानें लगाई जाती थी, लेकिन निकाय चुनाव के बाद सब्जी बाजार को पूर्व जगह पर फिर से स्थानांतरित कर दिया गया। ऐसे में बाढ़ापुर रोड की संकरी सड़क, कम जगह व दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन होने से बाजार के पूरे दिन जाम रहता है। लोगों ने आंबेडकर नगर वार्ड के उप मंडी स्थल में सब्जी बाजार लगाने की मांग की है।

### एमएलसी अरुण पाठक आज करेंगे जनसुनवाई

**कानपुर देहात।** स्नातक एमएलसी अरुण पाठक आज माती जिला पंचायत के कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। इसके बाद सर्किट हाउस में डीपीआरओ व जल निगम की समीक्षा बैठक करेंगे। यह जानकारी एमएलसी प्रतिनिधि बालजी शुक्ला ने दी है।

### दमकल टीम ने सूखे कुएं में गिरी गाय को निकाला

**मंगलपुर।** झींझक कस्बे के खानपुर रोड के पास एक सूखे कुएं में छुट्टा गाय गिर गई। करीब 30 फीट गहरे कुएं में गिरने की जानकारी पर सूचना डेरापुर दमकल को दी गई। फायर सर्विस प्रभारी राज नारायण सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### पुलिस ने साइबर ठगी के 29,933 रुपये दिलाए

**कानपुर देहात।** कस्टमर सर्विस प्वाइंट आईडी बनाने का झांसा देकर 29,933 रुपये की धोखाधड़ी में साइबर हेल्प डेस्क ने पीड़ित को रुपये वापस कराए हैं। अकबरपुर के गांधीनगर निवासी धीरज कुमार शर्मा को साइबर ठग ने 13 दिसंबर 2024 को कस्टमर सर्विस प्वाइंट आईडी बनाने का झांसा देकर 62,480 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पीड़त ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत की थी। अकबरपुर कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क ने 29,933 रुपये खाते में वापस कराए हैं। शेष धनराशि जल्द ही वापस होगी।

# गैंगस्टर मामले में भी गवाह से जिरह का अवसर समाप्त

## बहुचर्चित बिकरू कांड में तीन महिलाओं समेत 9 लोगों पर चल रहा गैंगस्टर का केस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- एक आरोपी की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने की जिरह
- गैंगस्टर कोर्ट में अब 11 जुलाई को होगी मामले की सुनवाई

**अमृत विचार।** बिकरू कांड में शामिल तीन महिलाओं सहित नौ लोगों पर चल रहे गैंगस्टर केस में गुरुवार को एक आरोपी की ओर से बचाव पक्ष ने जिरह की। शेष आरोपियों की ओर से वकील के उपस्थित न होने पर अदालत ने जिरह का अवसर समाप्त कर दिया। अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी।

कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी। जबकि छह पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने कुख्यात विकास दुबे सहित 21 नामजद व 50-60 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुख्यात विकास दुबे सहित छह बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में मार दिया था।

पुलिस ने 30 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी, जिसमें कोर्ट अपना फैसला सुना चुकी है। पुलिस ने वर्ष 2022 में दो आरोपियों उमाशंकर व विपुल दुबे पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। जिसमें अभियोजन गवाही चल रही है। 19 जनवरी 2023 को चौबेपुर पुलिस ने बिकरू कांड में शामिल तीन महिलाओं सहित नौ आरोपियों क्षमा दुबे, रेखा अग्निहोत्री, शांति देवी, संजय सिंह परिहार, अभिनव तिवारी, अमन शुक्ला, रामजी उर्फ राधे कश्यप, शुभम पाल व विष्णु कश्यप के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए थे। इसकी सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि गुरुवार को अभियोजन गवाह वादी मुकदमा जगदीश प्रसाद पांडेय अदालत में हाजिर हो अपने बयान दर्ज कराए। वहीं आरोपी अभिनव तिवारी की ओर से बचाव पक्ष ने अपनी जिरह पूर्ण की। वहीं अन्य आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष के गवाह से जिरह के लिए अदालत उपस्थित न होने पर अदालत ने उनका जिरह का अवसर समाप्त कर दिया है। अब अदालत ने मामले में अभियोजन के अगले गवाह को तलब कर सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तिथि नियत की है।

### खुशी मामले में गवाह से बचाव पक्ष की जिरह जारी

**कानपुर देहात।** बिकरू कांड के मुख्य मामले में आरोपी खुशी दुबे के मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट में चल रही है। गुरुवार को अभियोजन गवाह से बचाव पक्ष ने आंशिक जिरह की। शेष जिरह 15 जुलाई को होगी। पुलिस ने बिकरू कांड के बाद पुलिस मुठभेड़ में मारे गए अमर दुबे की पत्नी खुशी को मुख्य मामले में आरोपी बनाने के साथ ही उसके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे। अपर जिला जज 14/पॉक्सो कोर्ट में अभियोजन गवाह से बचाव पक्ष की जिरह चल रही है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को अभियोजन गवाह कांस्टेबल शिवमूरत से आंशिक जिरह की गई। शेष जिरह के लिए अदालत ने 15 जुलाई की तिथि नियत की है। आरोपी खुशी भी अदालत में उपस्थित रही।

## प्रधान के पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के धनीरामपुर गांव में ग्राम प्रधान के पति समेत चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास की एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने अभियोग दर्ज करने के साथ ही मामले की जांच शुरू की है।

ग्राम पंचायत धनीरामपुर के अमर सिंह पुरवा गांव निवासी प्रीती सिंह ने पुलिस को बताया गांव के वर्तमान प्रधान पति कप्तान सिंह व उसके भाई अजय सिंह, राहुल सिंह ने सोमवार की शाम उससे गालीगलौच कर रहे थे। विरोध करने पर उक्त ने पीड़िता के पति हीरो सिंह नायक को बुरी तरीके से लाठी डंडों से पीट दिया। पीड़िता व उसकी सास ने बचाने का प्रयास किया तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता का पति जान बचाने के लिए जब घर के अंदर घुसा तो आरोपियों ने अंदर घुस कर पीटा और मरणासन्न कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज अकबरपुर में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# तीन बाइकें छोड़कर पैदल भागे हमलावर

संवाददाता, मंगलपुर

- बाइक से फर्राटा भरने का विरोध जताने पर मारपीट
- शोर मचाने पर गांव वाले दौड़े तो भाग निकले हमलावर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के क्षतरसा गांव में तेज रफ्तार बाइक चलाने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। बाइक सवार आधा दर्जन युवकों ने युवक को पीटने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों को आता देख हमलावर तीन बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जांच शुरू की है।

क्षतरसा निवासी भानू सिंह गौर ने बताया कि बुधवार को गांव में दो युवक तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। इसपर उनके साथियों ने उन्हें धीरे बाइक चलाने की सलाह दी। यह बात युवकों को नागवार गुज़री और उन्होंने रंजिश मान ली। गुरुवार को तीन युवक बाइक से गांव पहुंचे और उसे पीटने की नीयत से तलाशने लगे, लेकिन ग्रामीणों को देख गांव के बाहर खड़े हो गए।

भानू ने बताया कि वह अपने साथी आकाश के साथ काम से झींझक जा रहा था, तभी आरोपियों ने रास्ते में ईंट भट्ठा के पास पथराव कर दिया। किसी तरह बाइक


घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस।

दौड़ाकर वह मौके से भागा, लेकिन करियाझाला मोड़ पर हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट की कोशिश की। शोर मचाने पर एक हमलावर बाइक लेकर भाग निकला, जबकि बाकी युवक तीन बाइक छोड़कर मौके से पैदल फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों बाइक कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों की शिनाख्त कर कार्रवाई की जाएगी।

# खनन माफिया ने खोद डाले खेत

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के इकघरा गांव में खनन माफियाओं ने किसान के खेत की मिट्टी को जेसीबी से खोद कर गड्ढे में तब्दील कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है।

इकघरा गांव निवासी अमरजीत सिंह ने बताया कि वह वर्तमान में कानपुर नगर में रहता है। गांव में उसके खेत हैं। जब वह बुधवार को अपने खेतों पर पहुंचा तो देखा कि गाटा संख्या 459 रकबा 0.3980 हे. पर कठारा गांव के रहने वाले उपवेंद्र कुमार पाल उर्फ छोटे पाल जेसीबी से अवैध मिट्टी खनन करा रहे हैं। उनकी लगभग ढाई बीघा जमीन खोद डाली गई है। किसान ने इसकी सूचना तत्काल डायल 112


खेत में अवैध रूप से मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर में भरती जेसीबी। अमृत विचार

पर पुलिस को दी। मौके पर पुलिस के आते ही आरोपी ट्रैक्टर व जेसीबी लेकर भाग गया है।

किसान ने बताया कि रकबे को लगभग 40 फीट गहरा खोद कर तालाब में परिवर्तित कर दिया गया है। इसके पहले भी गाटा संख्या 442 पर भी अवैध खनन किया गया था, लेकिन शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। किसान ने बताया कि पूर्व में सरकारी जमीन पर अवैध खनन में क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की जा चुकी है। इस बावत थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि किसान की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कहीं सेहत न बिगाड़ दें केमिकल से पके आम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कार्बाइड और अन्य केमिकल से पकाए जा रहे फल
- विषैले तत्वों से सबसे ज्यादा लिवर पर पड़ता प्रभाव

**अमृत विचार।** इन दिनों केला, लीची, आम, पपीता से बाजार पटा है। इन फलों को पकाने के लिए केमिकल का प्रयोग होता है। यह केमिकल सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक होते हैं। इनका सीधा असर लिवर पर होता है।

धीरे-धीरे यह शरीर को कमजोर कर देता है। हालांकि इसे लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। विभागीय अधिकारी महज कागजी कोरम पूरा कर रहे हैं। बाजार फलों से सजा है। कहीं आम, केला तो पपीता नजर आ रहा है। इन फलों के भीतर आम आदमी नहीं, बल्कि केमिकल के खतरनाक मिश्रण से पकाया जा रहा है।

इसका लंबे समय तक प्रयोग


दुकान में बिक्री के लिए रखे आम। अमृत विचार

किया जाए तो यह लिवर पर प्रभाव डालता है और इंसान गंभीर बीमारी का शिकार हो जाता है। फल मंडी में जाएंगे तो वहां ड्रम में रखे पानी में कच्चे फलों को डालकर बेच दिया जाता है। यह पानी कुछ और नहीं बल्कि कैल्शियम कार्बाइड है, जो फलों को पका देता है। ऐसे फलों का सेवन सेहत के लिए बेहद खतरनाक होता हैं। ऐसे फलों के सेवन से जरूर बचना चाहिए, वरना बीमार पड़ते देर नहीं लगेगी।

### ऐसे कर सकते हैं पहचान

कार्बाइड और केमिकल से पकाए गए फलों की पहचान करना बेहद आसान है। केमिकल से पकाए गए फलों का रंग बेहद चटख होगा। इसे धुलकर ही खाना जरूरी है। ऑफ सीजन में उपलब्ध पके फल भी केमिकल से ही पकाए जाते हैं, जो हानिकारण हैं।

फल पकाने के लिए टॉक्सिन गैस का इस्तेमाल किया जाता है, जिसे खाने से सेहत के लिए खतरा हो सकता है। फल के लगातार सेवन से लिवर प्रभावित होता है। यह एक गंभीर बीमारी को बुलावा देता है। ऐसे में पेड़ पर पके फलों का ही सेवन करना चाहिए।

–डॉ. आदित्य सचान
उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**मॉक ड्रिल** बैजामऊ बांगर गांव में बाढ़ आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बाढ़ से बचाव और राहत कार्यों का किया पूर्वाभ्यास

# यमुना नदी के किनारे बसे 20 गांवों में बाढ़ का खतरा

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** मानसूनी बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। जिसके चलते तलहटी में बसे करीब 20 गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बाढ़ से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बैजामऊ बांगर में मॉक ड्रिल के साथ ही जरूरी जानकारी दी गई।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के लगभग 20 गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने इन गांवों में सतर्कता टीमों को सक्रिय कर दिया है। जैसलपुर महदेवा, बैजामऊ बांगर, गौरीरतन बांगर, गौहानी बांगर को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इन गांवों में बाढ़ राहत चौकियां स्थापित की जाएंगी। इन गांवों में 20 से 25 हजार की आबादी है। हर बार


मॉक ड्रिल के दौरान नदी में डूबे बुजुर्ग को चिकित्सा शिविर ले जाती दमकल टीम।


राहत कैंप में सुरक्षा उपकरणों के साथ मौजूद दमकल व पुलिस टीम। अमृत विचार

पहाड़ों पर बारिश के बाद हथिनी कुंड से पानी छोड़े जाने से यमुना नदी का जलस्तर बढ़ता है, जिससे गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं।

गुरुवार को यमुना नदी में आपदा प्रबंधन की ओर से बैजामऊ बांगर गांव में बाढ़ से बचाव और राहत कार्यों की मॉक ड्रिल की गई, जिसमें यमुना नदी में डूब रहे दो लोगों और उनके दो मवेशियों को रेस्क्यू करने का प्रदर्शन किया गया। इससे पहले संविलियन विद्यालय में कार्यशाला हुई, जिसमें एसडीएम शालिनी उत्तम, सीओ आलोक कुमार, जितेंद्र सिंह ने बताया कि पहाड़ों पर ज्यादा बारिश होने पर हथनी कुंड बैराज से पानी छोड़ा जाता है। उस दौरान नदियों व नहरों में अचानक क्षमता से अधिक पानी आने पर आसपास काम करते हुए कोई व्यक्ति बाढ़ के तेज बहाव में बह जाता है तो उसे किस तरह निकालना है। जिला आपदा विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा, सिकंदरा दमकल टीम प्रभारी मुकेश कुमार, नायब तहसीलदार सुधीर यादव, अमराहट थाना प्रभारी राहुल कुमार, लेखपाल समीर शुक्ला, प्रधान हरीश यादव, एमएनपी डायरेक्टर मो. मारूफ, प्रधानाध्यापक शबाना मौजूद रहीं।

### बुजुर्ग को नदी से निकाल पहुंचाया गया मेडिकल कैंप

यमुना नदी में माक ड्रिल के दौरान राजपुर पीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित निरंजन के नेतृत्व में गांव के लोगों को बीमारियों से प्रति जागरूक किया गया। आपदा व दमकल टीम ने नदी में डूब रहे एक बुजुर्ग को बाहर निकालकर चिकित्सा शिविर में भेजा, जहां प्रतीकात्मक रूप से बुजुर्ग का उपचार किया गया। इस दौरान डॉ. आकांक्षा मिश्रा, फार्मासिस्ट भोलेंद्र सिंह, बीसीपीएम आकाश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# समायोजन आवेदन आज ही जमा करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा परिषद ने राज्य के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात के आधार पर जरूरत से ज्यादा और कम शिक्षकों वाले विद्यालयों की सूची जारी कर दी है। इच्छुक शिक्षकों से गुरुवार तक आवेदन मांगे गए थे। अब 30 जून को स्थानांतरण आदेश जारी किया जाएगा।

परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी के अनुसार प्रदेश के 63793 स्कूलों में शिक्षक सरप्लस हैं। जबकि 67050 स्कूलों को शिक्षकों की आवश्यकता है। इस सूची को परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया गया है और स्वेच्छा से अंतःजनपदीय स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक शिक्षकों से गुरुवार तक आवेदन मांगे गए थे। अब 30 जून को स्थानांतरण आदेश जारी किए जाएंगे। परिषद सचिव के आदेशानुसार सरप्लस स्कूलों में कार्यरत शिक्षक अधिकतम 25 जरूरतमंद स्कूलों का विकल्प चुन सकते हैं। जिसमें से कम से कम एक विकल्प देना अनिवार्य होगा। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक केवल संबंधित पदों के लिए ही आवेदन कर सकते हैं। केवल सरप्लस सूची में शामिल स्कूलों के शिक्षक ही लॉगिन कर सकेंगे। अन्यथा सिस्टम इनवैलिड बताएगा। सचिव के अनुसार शिक्षकों को 27 जून तक आवेदन की छायाप्रति बीएसए कार्यालय में जमा करनी होगी। सभी बीएसए को निर्देश दिए गए हैं कि 28 जून तक ऑनलाइन सत्यापन और डाटा लॉकिंग की कार्रवाई पूरी कर ली जाए।

### स्कूल विलय का आज विरोध जताएंगे शिक्षक

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रांतीय निर्देशानुसार पेयरिंग के नाम पर विद्यालयों के विलय के विरोध में 27 जून को सभी विकासखंडों में मुख्यमंत्री के नाम बीईओ को ज्ञापन दिया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने स्कूल मर्जर व्यवस्था पर आक्रोश जताते हुए कहा कि इस आदेश से गरीबों के बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीना जा रहा है। शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत बच्चों को एक किलोमीटर की परिधि के अंदर विद्यालय उपलब्ध कराना जरूरी है, लेकिन इस व्यवस्था में विद्यालय तीन से पांच किमी दूर हो जाएंगे। ऐसे में उन्हें आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ेगी। निजी विद्यालयों में शोषण किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अशोक सिंह राजावत ने कहा कि इस काले शासनादेश को स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनपद के शिक्षक संघर्ष के लिए तैयार हैं। महामंत्री रामकुमार कटियार, संरक्षक संजय सचान ने कहा कि 27 जून को प्रत्येक बीआरसी में बीईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

